प्रतिनिधि कहानियाँ

(श्री जगदीश प्रसाद मण्डल के 15 मैथिली कथाओं का हिंदी अनुवाद)

प्रतिनिधि कहानियाँ

(श्री जगदीश प्रसाद मण्डल के 15 मैथिली कथाओं का हिंदी अनुवाद)

हिंदी अनुवाद

पल्लवी मण्डल

पल्लवी प्रकाशन
बेरमा/निर्मली

PRATINIDHI KAHANIYAN

Selected Stories of Jagdish Prasad Mandal
Hindi Translation: Ms. Pallavi Mandal

This volume features fifteen representative short stories by eminent Maithili author Shri Jagdish Prasad Mandal, translated into Hindi with literary precision and cultural sensitivity. The translations retain Shri Mandal's narrative style, thematic depth, and socio-cultural essence, offering readers an authentic glimpse into his creative world.

ISBN: 978-93-48865-97-7
दाम: 290/- (भा.रु.)
स्वत्वाधिकार: © प्रकाशक
प्रथम संस्करण: 2025

प्रकाशक: पल्लवी प्रकाशन
तुलसी भवन, नेहरू मार्ग, वार्ड नं.: 06, निर्मली
जिला- सुपौल, बिहार: 847452
मुद्रक: पल्लवी प्रकाशन (मानव आर्ट)

वेबसाइट: http://pallavipublication.blogspot.com
ई-मेल: pallavi.publication.nirmali@gmail.com
मोबाइल: +91 62006 35563; +91 99316 54742

फोण्ट सोर्स: https://fonts.google.com/,
https://github.com/virtualvinodh/aksharamukha-fonts
आवरण चित्र: सुश्री तुलसी कुमारी
अक्षर संयोजन: डॉ. उमेश मण्डल

इस पुस्तक का सर्वाधिकार सुरक्षित है। स्वत्वाधिकारी के लिखित अनुमति के बिना पुस्तक की किसी अंश की छाया प्रति एवम् रिकॉर्डिंग सहित इलेक्ट्रॉनिक अथवा यॉंत्रिक, किसी माध्यम से या ज्ञान के संग्रहण व पुनर्प्रयोग प्रणाली द्वारा किसी भी रूप में पुनरुत्पादित अथवा संचारित-प्रसारित नहीं किया जा सकता है।

समर्पण

मिथिला के वृंदावन से लेकर बालू के टीले पर बैठा फुलवारी
लगानेवाला नव प्रभात के पुकारनेवाले
के साथ।

अनुक्रमः

सत्यमेव जयते

दो पाटन के बीच

दूरदृष्टि और दिव्यदृष्टि

झूठ की शव–परीक्षा

प्रतिस्पर्द्धा

शिष्टाचार

जमुनिया

गाँव भगा दिया

आत्माराम

अठहत्तरवाँ स्वतंत्रता दिवस

पूर्ण-अपूर्ण

कथाकार का दुर्दिन

मरनी

बिसाँढ़

बेटी का पैरुख

आमुख

कार्तिक की अमावस्या। धूप ऐसी मानो जेठ की तपिश उतर आई हो, थी, सबका मन उखड़ा-उखड़ा!

❑

सत्यमेव जयते

☰

आज तेरह अगस्त है। जगरनाथपुर गाँव में इस वर्ष जनवरी से ही प्लस-टू की पढ़ाई शुरू हुई। विद्यालय प्रांगण में उन्यासीवाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने का विचार प्रधानाचार्य गोविन्द बाबू ने किया। इसका कारण था, गोविन्द बाबू स्वयं स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र थे।

प्लस-टू की पढ़ाई शुरू होने के बाद ही गोविन्द बाबू प्रधानाचार्य बनकर जगरनाथपुर आए। इससे पूर्व वे एक उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक थे, परंतु इस बार पदोन्नति पाकर उन्हें जगरनाथपुर प्लस-टू उच्च विद्यालय में भेजा गया।

परसों पन्द्रह अगस्त है। विद्यालय के सभी तीस शिक्षक और लगभग पाँच सौ छात्र बैठक में एकत्र हुए। बैठक में गोविन्द बाबू ने प्रस्ताव रखा कि भोर में सभी शिक्षक और छात्र तिरंगा लेकर गाँव की प्रभातफेरी में भाग लेंगे, कार्यक्रम आठ बजे तक चलेगा। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में सब एकत्र होंगे और प्रसाद का वितरण होगा। फिर सब अपने-अपने घर जाएँगे, स्नान-भोजन करेंगे और पुनः विद्यालय में उपस्थित होकर दस बजे से स्वतंत्रता प्राप्ति के इतिहास पर संगोष्ठी करेंगे। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जो शाम पाँच बजे तक चलेगा।

भाषण में सभी शिक्षक वक्ता होंगे और उनके साथ दस ऐसे छात्र भी बोलेंगे जिनको विद्यालय का श्रेष्ठ छात्र माना जाता है। उन्हीं में से एक नाम रमणकुमार का भी था।

रमणकुमार ग्यारहवीं कक्षा का विद्यार्थी था और अपने वर्ग में हमेशा प्रथम

आता था। यह केवल इस बार की उपलब्धि नहीं थी बल्कि आठवीं से ही वह लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करता चला आ रहा था। वह विज्ञान का छात्र था, जितना कुशाग्र बुद्धि उतना ही परिश्रमी भी।

हालाँकि गोविन्द बाबू ने भाषण के विषयों का चयन नहीं किया था, उन्होंने इतना अवश्य कहा था कि भाषणों का क्रम ऐसा न हो कि सब एक ही बात दोहराएँ। प्रत्येक भाषण में कुछ न कुछ नवीनता अवश्य होनी चाहिए।

अब तक रमणकुमार कभी किसी सार्वजनिक मंच पर नहीं बोला था, इसलिए अपना नाम सुनते ही वह घबरा गया। घर पहुँचकर उसने अपने चाचा मनोज और पिता रामधन से कहा- “परसों स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाषण का कार्यक्रम है। उसमें मुझे भी बोलना है। आज तक मैं किसी सार्वजनिक मंच पर नहीं बोला हूँ, इसलिए मन घबरा रहा है। ऊपर से हेडमास्टर साहब ने कह दिया है कि कोई वक्ता दूसरे का विषय नहीं दोहराएगा। हर वक्तव्य में कुछ न कुछ नया होना चाहिए।”

रामधन, यानी रमणकुमार के पिता, परिवार के मुखिया थे पर उनका जीवन खेती-बाड़ी में ही बीता। पिता की मृत्यु के बाद से ही उन्होंने खेती संभाली और उसमें निपुण हो गए। उनके साथ इतनी ईमानदारी भी थी कि अन्य परिवारों की तरह दोनों भाइयों के बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ। भाइयों में रामधन बड़े थे और मनोज छोटे।

मनोज समाजप्रिय व्यक्ति थे। बहुत पढ़ाई-लिखाई नहीं हुई थी, मात्र मैट्रिक तक पढ़े थे, पर जितने ईमानदार समाजसेवक थे उतने ही प्रभावी वक्ता भी। उनमें एक और विशेष गुण था कि वे प्रतिदिन चार घंटे शारीरिक श्रम और दो घंटे बौद्धिक श्रम करते थे, जिससे इतना अर्जन हो जाता कि अपने परिवार अर्थात पत्नी और दो बच्चों का पालन-पोषण ठीक प्रकार से हो सके। उनका यह नियम था कि आज का काम आज ही निपटाना है। जीवन में संयोग और कुसंयोग तो सबके साथ होते रहते हैं।

रमणकुमार की बात सुनकर रामधन चुप रहे, लेकिन मनोज ने उससे पूछा- “बेटा, तुम्हारा अपना क्या विचार है?”

जैसे कोई बच्चा अपने माता-पिता से निष्कपट होकर बोलता है, वैसे ही रमणकुमार बोला- “चाचाजी, आज़ादी के आन्दोलन का पूरा इतिहास तो मैंने नहीं पढ़ा है, लेकिन मैं अवश्य ऐसा विषय चुन सकता हूँ जिस पर अन्य वक्ता न बोलें।”

यह सुनकर मनोज सोचने लगे कि ऐसा कौन-सा विषय हो सकता है। अचानक उनके मन में आया कि क्यों न देश के प्रतीक चिन्ह और उस पर अंकित सत्यमेव जयते के बारे में बोलने को कहा जाए।

उन्होंने रमण से पूछा- “बेटा, वक्ताओं को कितना समय मिलेगा?”

रमण ने उत्तर दिया- “छात्रों को बीस मिनट और शिक्षकों को पच्चीस मिनट।”

यह सुनकर मनोज ने सोचा कि यदि आधे घंटे का विषय समझा दिया जाए तो काम चल जाएगा। बच्चा है, कुछ बातें भूल भी जाए तो भी बीस मिनट तो बोल ही सकेगा। उन्होंने कहा- “बेटा, अच्छा होगा कि तुम कागज़ पर लिख लो। जो-जो बातें कहनी हैं, पहले उन्हें अच्छे से समझ लो, फिर लिख लो और बार-बार पढ़ो।”

यह सुनकर रमणकुमार को संतोष हुआ। उसे लगा कि जब आधे घंटे का भाषण तैयार हो जाएगा, तो कुछ बातें भूल भी जाए तो बीस मिनट तो अवश्य बोल सकेगा।

रामधन भी पास बैठे थे पर मौन साधे हुए। रमण कागज़-कलम लेकर तैयार हुआ। मनोज बोले- “बेटा, हमारे देश का जो प्रतीक चिन्ह ‘सत्यमेव जयते’ है, पहले उसे सुन लो और फिर लिख लेना। ‘सत्यमेव जयते’ हमारे देश का आदर्श वाक्य है, जिसका अर्थ है सत्य की विजय। इसे राष्ट्रपटल पर लाने में पंडित मदन मोहन मालवीय जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

‘सत्यमेव जयते’ मूलतः मुण्डक उपनिषद का श्लोक है। मुण्डक उपनिषद ऋग्वेद का अंग है, जिसमें कहा गया है:

सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः।

येनाक्रमन्त्य ऋषयो ह्याप्तकामा, यत्र तत् सत्यस्य परमं निधानम्॥

इसका अर्थ है कि सत्य और असत्य भारतीय सभ्यता के आरंभ से ही धर्म और दर्शन के केंद्र रहे हैं। रामायण में लंका के राजा रावण पर राम की विजय को असत्य पर सत्य की विजय कहा गया है। महाभारत में पाँच पांडवों ने सौ कौरवों को, जिनके पास अठारह अक्षौहिणी सेना थी, परास्त किया। इसे भी सत्य की विजय माना जाता है।

गांधीजी ने कहा है कि 'सत्य' अत्यंत सात्त्विक किंतु जटिल शब्द है। ढाई अक्षरों का यह शब्द 'सत्य' उतना ही सरल है जितना 'प्रेम', पर इस मार्ग पर चलना कठिन है। उनका कहना था कि सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है। सत्य का अनुभव यदि ज्ञानयोग है तो उसे जीवन में उतारना कर्मयोग है और अंततः सत्य रूपी सागर में डुबकी लगाकर उसका रसास्वादन करना भक्तियोग है।

भारतीय साहित्य, फिल्मों और लोक परंपराओं में भी सदा से सत्य की विजय की घोषणा होती रही है और आज भी होती है। समाजशास्त्रीय दृष्टि से देखें तो यह वाक्य केवल नैतिक आदर्श नहीं है, बल्कि समाज की संरचना, सत्ता-संबंध, संघर्ष और विमर्श के गहरे अर्थ भी प्रकट करता है।"

मनोज चाचा बोलते रहे और रमण ध्यान से सुनता रहा। वह सोच रहा था कि पहले सब सुन लूँ, फिर एक-एक विचार को लिख लूँ और बार-बार पढ़कर याद कर लूँ। तभी उसने कहा- "चाचाजी, ज़रा धीरे-धीरे समझाइए।"

मनोज ने सोचा कि जब रमण मंच पर बोले तो श्रोता महसूस करें कि उसने सचमुच अच्छी तैयारी की है। वे बोले- "'सत्यमेव जयते' का अर्थ है सत्य की अंतिम विजय, लेकिन जब हम इसे समाज की दृष्टि से देखते हैं तो यह केवल नैतिक आदर्श नहीं रह जाता। यह समाज की संरचना, सत्ता-संबंध और संघर्ष की गहरी परतों को भी उजागर करता है।"

बीच में ही पुनःरमण बोला- "चाचाजी, ज़रा और साफ़ कहिए।"

मनोज ने विचारों को सूत्रबद्ध कर कहा- "बेटा, सत्य को किसी निश्चित, शुद्ध या सार्वभौमिक तत्व के रूप में नहीं माना जा सकता। सत्य समाज द्वारा निरंतर गढ़ा जाता है। उसे सत्ता, वर्ग, जाति, लिंग, धर्म और संस्कृति आकार देते

हैं। फ्रांसीसी विचारक 'मिशेल फूको' ने कहा है कि 'सत्य कभी निष्पक्ष और सार्वभौमिक रूप में मौजूद नहीं होता', बल्कि यह सत्ता-संरचना का उत्पाद होता है।”

रमण बोला- “चाचाजी, थोड़ा और सरल करके कहिए।”

मनोज ने कहा- “जो सत्ता में होता है वह अपने अनुकूल सत्य गढ़ता है और उस सत्य को प्रचार माध्यमों, यानी मीडिया के द्वारा फैलाता है। जो कोई उसका विरोध करता है उसे तरह-तरह की यातनाएँ दी जाती हैं और अपने गढ़े हुए सत्य के प्रचार-प्रसार में पूरी ताक़त झोंक दी जाती है।”

रमण बोल उठा- “तो फिर...!”

मनोज बोले- “बेटा। हमारे समाज में वर्गीय, जातीय और लैंगिक असमानता किस रूप में बनी हुई है, यह पूरे देश के स्तर पर भले न दिखे, लेकिन अपने गाँव और समाज में तो हर कोई देखता है। सत्य की परिभाषा अब तक उच्च वर्ग की दृष्टि से ही तय होती रही है। दलित, महिलाएँ, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब इन सबके जीवन का सत्य दबा दिया गया। वे विमर्श की परिधि से बाहर रहें और आज भी बाहर हैं। ऐसे में ‘सत्यमेव जयते’ को केवल औपचारिक प्रतीक मानना कैसे न्यायसंगत हो सकता है? प्रश्न यह है कि किसका सत्य विजयी होता है।”

रमण भी मन ही मन सोच रहा था पर बोला- “फिर?”

मनोज ने स्पष्ट किया- “जब किसी देश या समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और समान भागीदारी सत्ता में मिलेगी तभी उसका समुचित विकास होगा, सामाजिक रूप से भी और आर्थिक-बौद्धिक रूप से भी। यदि ऐसा नहीं होगा तो समाज और देश के लोगों के बीच विभाजन की रेखा बनी ही रहेगी। इसलिए जब तक सत्ता में सबकी भागीदारी नहीं होगी तब तक शासन का स्वरूप विदेशी या देशी, दोनों में कोई अंतर नहीं रहेगा।”

गहरी साँस छोड़ते हुए रमण बोला- “चाचाजी, परसों ही तो कार्यक्रम है। मध्य में कल पूरा दिन है। आज यहीं तक रहने दीजिए। मैं भी सोचूँगा और जो बातें समझ में नहीं आएँगी, उन्हें पूछ लूँगा। आगे की बातें फिर आपसे आकर

समझ लूँगा।”

सुबह आठ बजे जब गाँव में हलचल शुरू हुई तो जैसे रमण ने मन ही मन आगे की जानकारी लेने का निश्चय किया, वैसे ही मनोज ने भी आगे समझाने का मन बना लिया।

रमण आकर बोला- “चाचाजी, आगे की जानकारी...”

मनोज प्रसन्न हुए और बोले- “बेटा, भारतीय चिंतनधारा में सत्य को ब्रह्म का स्वरूप माना गया है। उपनिषद कहते हैं कि सत्य केवल वाक्य या व्यवहार नहीं, बल्कि परमात्मा और ब्रह्म का पर्याय है। तैत्तिरीय उपनिषद कहता है, ‘सत्यं ज्ञानम् अनन्तं ब्रह्म।’ यानी सत्य, ज्ञान और अनंतता मिलकर ब्रह्म की अनुभूति कराते हैं। यही कहा गया है कि केवल ब्रह्मसत्ता, केवल ईश्वरीय तत्व, जो सत्य के रूप में व्याप्त है, वही अंततः विजयी होता है। वे ऋषि, जिन्होंने अपनी सभी कामनाओं का त्याग कर दिया है और उस मार्ग पर अग्रसर हैं जहाँ परम सत्य निवास करता है, वही इसका अनुभव कर सकते हैं।”

रमण पूरी तरह नहीं समझ पाया और बोला- “चाचाजी, समझ नहीं पा रहा...।”

मनोज ने गीता का उदाहरण दिया- “बेटा, भगवद्गीता में कृष्ण कहते हैं, ‘सत्यं शमः दमः तपः शौचम्।’ इसका अर्थ है सत्य, शांति, आत्मसंयम, तप और पवित्रता, ये सब मनुष्य की आत्मोन्नति के मूल गुण हैं। इसका आध्यात्मिक आशय यह है कि यदि कोई आत्म-विकास करना चाहता है तो उसके विचार, वाणी और कर्म में सत्य का समावेश आवश्यक है।”

गहरी साँस छोड़ते हुए रमण बोला- “अब समझ गया, चाचा।”

मनोज ने और गहराई से समझाने के लिए कहा- “पतंजलि योगसूत्र में कहा गया है, ‘सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्।’ इसका अर्थ है कि जब कोई योगी सत्य में प्रतिष्ठित हो जाता है, उसके द्वारा बोले गए प्रत्येक वचन सत्य हो जाते हैं। अर्थात सत्य आध्यात्मिक ऊर्जा है, जिसे ध्यान के अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए 'सत्यमेव जयते' केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का निष्कर्ष भी है।”

मनोज की बात सुनकर रमण भीतर से प्रसन्न हो उठा और बोला- “चाचाजी, अब तो मैं निश्चिंत होकर बीस मिनट नहीं बल्कि पच्चीस मिनट भी बोल सकता हूँ।”

मनोज मुस्कराए और बोले- “बेटा, चाहे कोई भी सार्वजनिक मंच क्यों न हो, विषय की सच्चाई पर टिककर बोलो। क्योंकि जब वाणी सत्य से जुड़ती है तो बोलने का ढंग चाहे जैसा भी हो, वक्तव्य प्रभावशाली बन ही जाता है।” ❑

दो पाटन के बीच

☰

अभी किरण फूटी भी नहीं थी कि धीरेन्द्र जी काफ़ी तेजी से घर पर पहुँचे। समय सुहावना है। एक तो फाल्गुन का अंतिम दौर, उस पर पिछले साल की तरह इस साल ओस भी नहीं गिर रहा है। पूर्वी हवा बह रही है, चुकी उसकी गति धीमी है; सुखद लग रही है।

मैं अभी आधा घंटा पहले टहलने, यानी भोर की ताज़ा हवा लेने घर से निकला था। रास्ता एकदम साफ-सुथरा है। तीन वर्ष पहले एन.एच. से निकली गाँव की पक्की सड़क बनने के बाद, गाँव की सड़क के दोनों किनारों की खाइयाँ, दक्षिण की ओर वाली और उत्तर की ओर वाली भी, जहाँ पिछली बाढ़ में तालाब बन गया था, वहाँ मिट्टी भरकर पक्की सड़क बना दी गई है। इसलिए अब रास्ते पर कहीं भी कीचड़ नहीं है। तीन साल पहले तक उस जगह, जहाँ तालाब सा बन जाता था, बरसात का पानी इतना जमा हो जाता कि अगहन-पूस तक वह भरा रहता। हालाँकि, इससे रास्ता बंद नहीं होता था, क्योंकि खेत के किनारे-किनारे से लोग राह पार कर ही लेते थे।

गाँव में इंजन वाली गाड़ियाँ गिनी-चुनी हैं, इसलिए सड़क पर पानी रहते हुए भी गाड़ियां चलने में कोई खास बाधा नहीं आती थी। जब टमटम या रिक्शा उस हिस्से को पार करने लगता, तो यात्री उतरकर पैदल खेत के किनारे से निकल जाते और रिक्शा या टमटम वहां से खाली ही पार हो जाता। जिस खेत के किनारे से रास्ता बनता था, उसके मालिक चाहे कितनी ही मनाही क्यूं ना करें, चलने

वाले नहीं ही मानते थे। यह एक बार का नहीं, हर साल का सिलसिला था, लेकिन यह स्थिति तीन साल पहले तक की है।

मैं घर पर नहीं था। धीरेन्द्र जी पहुँचते ही खोजने लगे, तो पता चला कि मैं दक्षिण की ओर टहलने गया हूँ। अपने छोटे बेटे को साथ लेकर धीरेन्द्र जी दक्षिणी सड़क पर मुझे खोजने निकले। मैं भी टहल कर लौट ही रहा था कि दूर से ही धीरेन्द्र जी को देखा। थोड़ी दूरी थी, लेकिन चेहरे से पहचान गया। मन में उठी जिज्ञासा कि सुबह-सुबह धीरेन्द्र जी क्यों आए हैं? पहचान तो है, लेकिन और कोई विशेष संबंध नहीं। मैं कदम बढ़ा रहा था और धीरेन्द्र जी भी। पास आते ही मैंने कहा, नमस्कार, धीरेन्द्र भाई।

जैसे मैंने नमस्कार किया, वैसे ही उन्होंने भी उत्तर देते हुए, नमस्कार कहा, आपसे ही मिलने आया हूँ।

मैंने प्रशंसा के स्वर में कहा, मेरा सौभाग्य है कि आपके दर्शन हुए। चलिए, घर पर बैठकर विस्तार से बात करेंगे।

आगे-आगे धीरेन्द्र जी और पीछे-पीछे मैं, हम दोनों ही चल पड़े। इस बीच रास्ते के किनारे जो एक तालाब है जिसके चारों ओर लोगों ने घर बना लिया, मेरा घर भी इसी तालाब के पूरब के किनारे पर है, उसे दिखाते हुए मैंने कहा, धीरेन्द्र जी, आपके गाँव में भी ऐसा तालाब है? लेकिन यह तालाब गाँव वालों ने नहीं दैत्यों ने खोदी है।

हँसते हुए धीरेन्द्र जी बोले, दैत्य या दानव कहाँ खत्म होते हैं, वे तो हमारे और आपके तरह ही गाँव-गाँव में रहते हैं।

मैंने अपने विचार से बात कही, वैसे ही धीरेन्द्र जी ने भी अपने विचार से उत्तर दिया, जिससे मैं असमंजस में पड़ गया कि धीरेन्द्र जी ने आखिर क्या कहा। फिर भी मैंने चुप्पी साधे रखी। इस बीच हम अपने घर के पास पहुँच गए। दरवाज़े पर पहुँचते ही मैंने धीरेन्द्र जी से कहा- “भाई, गरीब आदमी का घर है, इसलिए मान-अपमान की परवाह मत कीजिएगा। यह तो मेरा सौभाग्य है कि आप जैसे व्यक्ति का आगमन हुआ है।”

धीरेन्द्र जी ने सीधी बात कही- “गोपीकृष्ण, भाग्य-सौभाग्य जैसी कोई

चीज़ नहीं होती, सब मनुष्य की अपनी लीला है।”

मैंने कहा- “पहले कुछ नाश्ता कर लीजिए, फिर बैठकर बातें करेंगे।”

धीरेन्द्र जी बोले- “मैं सुबह नाश्ता नहीं करता। एक बार दिन में और एक बार रात में ही खाता हूँ। इसलिए नाश्ता नहीं करूंगा, बस चाय पियूंगा।”

मैंने आग्रह करते हुए कहा- “आप तो कभी आते नहीं, आज आए भी हैं तो कह रहे हैं कि नाश्ता नहीं करूंगा।”

धीरेन्द्र जी गंभीर होकर बोले- “गोपीकृष्ण, न तो नौकरी करता हूँ कि मोटी-मोटी आमदनी हो और न ही माता-पिता का पेंशन है कि उनसे मांग लूँ। इसलिए अपनी आमदनी के अनुसार जीवन जीता हूँ, जिससे आत्मसंतोष भी मिलता है।”

धीरेन्द्र जी के विचारों को सुनकर मन मान गया कि सचमुच उनका दृष्टिकोण उच्च कोटि का है। इसी बीच बिटिया कुन्ती चाय लेकर दरवाज़े पर आ गई। थाली से एक कप चाय उठाकर मैंने धीरेन्द्र जी के हाथ में देते हुए पूछा- “पानी भी पिएंगे?”

धीरेन्द्र जी बोले- “प्यास तो नहीं लगी है, फिर भी दो घूँट पी लूंगा।”

जैसे ही उन्होंने कहा, कुन्ती ने थाली को चौकी पर रखा और आँगन में जाकर एक लोटे में पानी और एक ग्लास लेकर दरवाज़े पर आई। लोटे से ग्लास में पानी लेकर दिया। पानी पीकर धीरेन्द्र जी बोले- “जैसा पानी आपके कुएँ का है, वैसा ही हमारा भी है।”

ग्लास को चौकी पर रख मैंने और धीरेन्द्र जी ने अपना-अपना चाय पीना शुरू किया। दो-तीन घूँट चाय पीने के बाद धीरेन्द्र जी बोले- “गोपीकृष्ण, मैं यहाँ क्यों आया हूँ, यह तो आपने पूछा ही नहीं।”

अपना बचाव करते हुए मैंने कहा- “धीरेन्द्र जी, यह भी पूछना होता है! हाई स्कूल में हम दोनों साथ-साथ पढ़े हैं, मित्र हैं। आप मित्र के यहाँ आए हैं, तो भला यह कैसे पूछूं कि किसलिए आए हैं?”

इस बीच दोनों ने चाय खत्म कर कप को थाली में रखा। मैंने पान का

सामान निकालकर पान लगाने का उपक्रम शुरू किया ही था कि धीरेन्द्र जी बोले- “गोपीकृष्ण, मैं पान नहीं खाता, आप ही खाइए।”

मेरा आश्चर्य स्वाभाविक था। मैंने कहा- “धीरेन्द्र जी, हमारे यहाँ, यानी मिथिला में, पान-मखाना संस्कृति से जुड़ा है, फिर इसका परित्याग क्यों कर रहे हैं?”

निर्विकार भाव से धीरेन्द्र जी बोले- “दाँत खराब हो जाने के कारण पान नहीं खाता हूँ। आपने जो संस्कृति का विचार उठाया, वह पान या मखाना खाने से नहीं आता। संस्कृति तो जीवन से जुड़ा वह आभूषण है, जो जीवन में चार चाँद लगाता है। इस पर भी ध्यान देना चाहिए।”

मैंने पूछा- “वह कैसे, धीरेन्द्र जी?”

धीरेन्द्र जी बोले- “गाँव में एक कहावत है कि "हल्की मिट्टी बिल्ली खोदती है"। छोटे-छोटे विचार को बड़े विचार की भूख मिटाने से कोई लाभ नहीं होता। मिथिला की संस्कृति विश्व-बन्धुत्व की संस्कृति है, लेकिन आजकल हमने बहुत-सी चीज़ें खोद-खोदकर उसकी असलियत बिगाड़ दी है और बच्चों की तरह केवल 'संस्कृति-संस्कृति' की रट लगाते रहते हैं। इससे होगा क्या?”

मैंने पान लगाकर खाया और धीरेन्द्र जी को दो इलायची दी। इलायची मुँह में लेते ही धीरेन्द्र जी बोले- “आज आपके गाँव में, यानी बँसबिट्टी में, आमसभा करने का विचार है..."

अब तक मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं थी। धीरेन्द्र जी के मन में यह विचार अचानक आया या किसी ने उन्हें बताया, यह भी मुझे नहीं मालूम था। इसलिए मैंने बस इतना ही कहा- “आप जो कार्य देंगे, उसका वहन मैं करूंगा, यही न?”

धीरेन्द्र जी बोले- “गोपीकृष्ण, हमारे यहाँ का जनमानस सोया हुआ है। वह अपनी नींद में आनंद ले रहा है और जो लुटेरा वर्ग है, वह भी बकरी के बच्चे की तरह संभल-संभल के उन्हें सुला रहा है।”

धीरेन्द्र जी का विचार पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका, इसलिए मैंने पूछा- “वह कैसे, धीरेन्द्र जी?”

धीरेन्द्र जी बोले- "एक तो अतीत का हवाला लोग स्वयं लेते हैं और उस पर लुटेरा वर्ग के चालाक लोग भी इस तरह सहमति जताते हैं कि वर्तमान पर नज़र ही नहीं जाने देते। यह बात सही है कि अतीत की जानकारी सबको होनी चाहिए, लेकिन अतीत को ही सौ प्रतिशत सही मानकर चलना, जीवन के साथ धोखा करना है।"

धीरेन्द्र जी की बात अब भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हुई, तो मैंने कहा- "धीरेन्द्र जी, ज़रा साफ़-साफ़ बताइए।"

मेरी बात सुनकर मन ही मन सोचते हुए धीरेन्द्र जी बोले- "गोपीकृष्ण, समय की तरह जीवन भी तीन कालों में बँटा हुआ है। भूतकाल वह है जो बीत चुका, जिसे हम अतीत कहते हैं। वर्तमान काल वह है जिसमें हम जी रहे हैं। और जो आगे आने वाला है, वह है भविष्य काल, यानी वैसा जीवन जो हम अपने लिए देखना चाहते हैं।"

व्याकरण में भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्य काल तो पढ़ा ही था, लेकिन उसे केवल समय के हिसाब से समझा था, जीवन के हिसाब से कभी नहीं माना था। मेरी नज़र अब उस ओर गई। मैंने कहा- "धीरेन्द्र जी, ज़रा और स्पष्ट करके बताइए।"

धीरेन्द्र जी बोले- "हमारे समाज में, यानी हमारे यहाँ के लोगों की सोच में, जैसे महाभारत की कथा-परंपरा चली आ रही है, वैसे ही रामायण की भी है। लोग इन कथाओं का अनुकरण अपने जीवन में करते हैं और करना भी चाहते हैं। लेकिन जैसे रामायण बीते युग की कथा है, वैसे ही महाभारत की कथा भी है। ये हजारों वर्ष पहले के जीवन की कहानियाँ हैं। दिन-ब-दिन, मिनट-दर-मिनट, समय अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। आज का समय जिस गति से चल रहा है, उसी के अनुरूप आज का जीवन होना चाहिए, जो नहीं हो रहा है। लोगों की सोच ऐसी बन गई है कि या तो वे अतीत में खुद को रखे रहना चाहते हैं या फिर भविष्य की कल्पनाएँ बुनने लगते हैं। अब अधिक समय नहीं है कि मैं और बातें कहूँ। अभी जिस काम के लिए आया हूँ, पहले वह काम सफलता से पूरा कर लें, फिर आगे बातचीत होती रहेगी।"

धीरेन्द्र जी की बात पूरी भी नहीं हुई थी कि इतने में दुनियालाल आ पहुँचे। दुनियालाल मेरे पड़ोसी हैं। बी.ए. पास हैं। उन्हें आते देखते ही मैंने कहा- “दुनियालाल, धीरेन्द्र जी आज हमारे गाँव में आमसभा करेंगे, इसलिए आपको इनकी मदद करनी पड़ेगी।”

दुनियालाल बोले- “गोपी भैया, आप जो कहेंगे वह करने के लिए तैयार हूँ, लेकिन पहले इनसे मेरा परिचय करा दीजिए।”

दुनियालाल की बात सुनकर मैंने कहा- “दुनियालाल, धीरेन्द्र जी मेरे हाई स्कूल के सहपाठी हैं। हाई स्कूल के पश्चात आज पंद्रह साल बाद हमारी मुलाकात हुई है, इसलिए इन पंद्रह वर्षों के बीच की बातें धीरेन्द्र जी स्वयं बताएंगे। लेकिन हाई स्कूल में जितने दिन हम साथ रहें, उसकी बात मैं कह देता हूँ।”

दुनियालाल मेरी बात गंभीरता से सुनते हुए धीरेन्द्र जी के चेहरे पर नज़र डालने लगा। धीरेन्द्र जी भी उनकी ओर देखने लगे। मैंने कहा- “दुनियालाल, हम दोनों एक ही हाई स्कूल में पढ़ते थे। धीरेन्द्रजी विज्ञान के विद्यार्थी थे और मैं कला का। जब कभी कोई शिक्षक अनुपस्थित रहते थे, तब धीरेन्द्रजी ही कक्षा लेते थे। जैसे शिक्षक पढ़ाते थे, वैसे ही धीरेन्द्र जी भी पढ़ाते थे।”

दुनियालाल बोले- “फिर तो धीरेन्द्र जी अजीब किस्म के व्यक्ति हैं।”

मैंने कहा- “मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में धीरेन्द्र जी ने अच्छा स्थान प्राप्त किया। आगे की बातें धीरेन्द्र जी खुद बताएंगे।”

मेरी ओर से नज़र हटाकर दुनियालाल ने धीरेन्द्र जी की ओर देखा। धीरेन्द्र जी बोले- “मैट्रिक करने के बाद एल.एस. कॉलेज में नाम लिखवाया। उस समय मिथिला विश्वविद्यालय नहीं बना था, बस बनने की चर्चा चल रही थी। इंटर साइंस में प्रथम श्रेणी, प्रथम स्थान प्राप्त किया। भौतिकी में ऑनर्स लिया। बी.एस-सी. में भी ऑनर्स के साथ प्रथम स्थान मिला और एम.एस-सी. में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।”

बीच में दुनियालाल बोले- “वाह, वाह!”

धीरेन्द्र जी ने आगे कहा- “एम.एस-सी. करने के कुछ ही दिनों बाद सरकारी संस्थान "इसरो" में वैज्ञानिक के रूप में नियुक्ति हुई। छह महीने जब

वहाँ काम किया, तब संस्थान ने पागल घोषित करके हटा दिया। वहाँ से लौट आया हूं।"

दुनियालाल बोले- "पागल कहकर हटा दिया, तो आपने मुकदमा क्यों नहीं किया?"

धीरेन्द्र जी ने कहा- "दुनिया में पागल कौन नहीं है। बेवजह केस-मुकदमे के झंझट में क्यों पड़ता। वहाँ से आने के बाद दरभंगा कॉलेज के भौतिकी विभाग में नौकरी मिली। वहाँ भी एक साल काम करने के बाद पागल कहकर हटा दिया।"

दुनियालाल ने पूछा- "अब क्या करते हैं?"

धीरेन्द्रजी बोले- "गाँव में ही रहता हूँ। माता-पिता भी वृद्ध हो गए हैं। भाइयों में अकेला हूँ। पत्नी है। एक बेटा है। अब नौकरी-चाकरी के चक्कर में नहीं जाऊँगा, समाज सेवा करूँगा।"

दुनियालाल ने पूछा- "समाज सेवा में मन लगेगा?"

धीरेन्द्र जी बोले- "मन क्यों नहीं लगेगा। समाज सेवा में उनका मन नहीं लगेगा, जिन्हें किसी मुद्दे से वास्ता नहीं है, लेकिन मेरी आँखों के सामने में मुद्दा है। मैं अपनी आँखों से देख रहा हूँ कि समाज इतनी गहरी नींद में है कि अपने जीवन का अच्छा-बुरा खुद नहीं समझ पा रहा है। वही अच्छा-बुरा समझाना; मेरी सेवा होगी। इसी विचार से कदम बढ़ाया है।"

धीरेन्द्र जी के विचार को दुनियालाल ने कितना समझा, यह तो दुनियालाल ही जाने, लेकिन मेरे मन में यह साफ हो गया कि जिस उद्देश्य से धीरेन्द्र जी आगे कदम बढ़ाना चाहते हैं, समाज में ऐसे पहल की सचमुच ज़रूरत है।

इसी बीच धीरेन्द्र जी बोले- "गोपीकृष्ण, बैठकर बातें करने में समय गंवाना ठीक नहीं! चलिए, पहले गाँव में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करके उन्हें सूचित कर दें कि आज दोपहर दो बजे आमसभा होगी, जिसमें आप सब भाग लें।"

हम तीनों, यानी धीरेन्द्रजी, दुनियालाल और मैं, गाँव की ओर चल पड़े।

दस कदम आगे बढ़े ही थे कि रास्ते में श्याम काका मिल गए। धीरेन्द्र जी की ओर इशारा करते हुए मैंने श्याम काका से कहा- "काका, इनका घर खैरबोनी है। ये हमारे पड़ोसी हैं। आज दो बजे गाँव में आमसभा करेंगे, उसमें आप रहें।"

श्याम काका कुछ कहने ही वाले थे कि बीच में धीरेन्द्र जी बोले- "आप बुजुर्ग हैं, इसलिए आज की सभा की अध्यक्षता का भार आप लीजिए।"

थोड़ी देर चुप रहकर श्याम काका बोले- "गाँव में सभा है, मैं जरूर रहूँगा।"

धीरेन्द्रजी बोले- "गोपीकृष्ण, घर-घर जाकर सूचना देना कठिन है, क्योंकि समय भी कम है। इसलिए मुहल्ले-मुहल्ले में, जहाँ दो-चार लोग मिलें, उन्हें बताते चलें।"

अब तक गाँव के समाज में कुछ अग्रणी लोग ही किसी सामाजिक या राजनीतिक काम में भाग लेते रहे हैं, बाकी लोग उससे दूर रहे हैं। वे क्यों दूर रहे, इसके कई कारण हैं। फिलहाल बस इतना कि धीरेन्द्र जी के विचार सुनकर गाँव के वे लोग भी सभा में आने को तैयार हो गए, जो अब तक कभी किसी आमसभा या सामाजिक-राजनीतिक सभा में नहीं आए थे।

दिन के ग्यारह बज चुके थे। हम तीनों ने पूरे गाँव का चक्कर लगा लिया। जो कोई मिला, सबको सूचना देते हुए घर लौट आए। घर पहुँचकर मैंने धीरेन्द्र जी से कहा- "धीरेन्द्र जी, आप नहा-धोकर खाना खा लें और कुछ देर आराम भी कर लें, फिर आमसभा में चलेंगे।" धीरेन्द्र जी बोले- "मेरा घर भी कोई बहुत दूर नहीं है। पंद्रह मिनट करीब जाने में और पंद्रह मिनट करीब आने में लगेंगे। घर जाकर यह भी कर लूँगा कि पत्नी को कह दूँ कि आमसभा में जा रहा हूँ, इसलिए लौटने में थोड़ी देरी भी हो सकती है, और माता-पिता को भी दवा खा लेने की याद दिला दूंगा।"

धीरेन्द्र जी चले गए। उनके जाने के बाद श्याम काका आकर बोले- "गोपीकृष्ण, गाँव की आमसभा है, तो इसकी व्यवस्था तो हमें ही करनी चाहिए।"

श्याम काका की बात सुनकर मैंने कहा- "काका, उचित तो यही होगा। आप अनुभवी हैं, बताइए, कैसे करेंगे?"

श्याम काका बोले- “आज अगर दस-पंद्रह दिन पहले जानकारी मिली होती, तो योजना बनाकर व्यवस्था होती, लेकिन ऐसा तो हुआ नहीं। जल्दबाज़ी में योजना बनी है, तो कम से कम लोगों के बैठने की जगह, माइक, और धीरेन्द्र जी के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था तो होनी ही चाहिए।”

मैंने कहा- “धीरेन्द्र जी मेरे मित्र हैं, तो चाय- नाश्ता की व्यवस्था मैं अपने घर से कर लूँगा। आप लोग समाज के बैठने की व्यवस्था कर दें।”

श्याम काका बोले- “मेरे पास तीन दरी है और रूपलाल के पास भी दो बड़ी दरी हैं। उससे माँगकर, पाँचों दरी को स्कूल के सामने बिछाकर वहीं सभा करेंगे। ऐसा करना ठीक भी रहेगा।”

बीच में ही दुनियालाल बोले- “श्याम काका, यह जिम्मेदारी मैं लेता हूँ।”

श्याम काका मेरी ओर देखते हुए बोले- “गोपीकृष्ण, गाँव में आमसभा हो तो हम लोगों पर इतना दायित्व तो है ही कि सभा का मज़ाक न उड़ाया जाए। लोगों को यह कहने का मौका न मिले कि यह सब मज़ाक हो रहा है।”

मैंने कहा- “जब सभी मन से लगेंगे, तो वैसा क्यों होगा! दो बजे से कार्यक्रम है इसलिए इस बीच के समय में ही सब काम निपटा लेंगे।”

श्याम काका ने दुनियालाल से कहा- “दुनियालाल, तुम मेरे साथ चलो। रूपलाल को मैं खुद कह दूँगा, और तुम किसी को साथ लेकर हमारे और रूपलाल के घर से दरी लेकर स्कूल के सामने अच्छी तरह बिछा दो।”

मैंने कहा- “गाँव में जिनके पास लाउडस्पीकर है, जो अच्छा है, उन्हें पकड़कर कह दें कि सुबह से ही राष्ट्रीय गीत का कैसेट बजाएँ और बीच-बीच में घोषणा भी करते रहें।”

श्याम काका बोले- “सोहन का स्पीकर सबसे अच्छा है। वह अभी हाल में ही खरीदा है और आमसभा के नाम पर पैसे भी नहीं लेगा।”

मैंने कहा- “काका, वह तो आपका ही आदमी है।”

श्याम काका बोले- “जब गाँव अपना है, तो गाँव के लोग क्या पराये हैं, यह जिम्मेदारी भी हमारे ही ऊपर आई।”

मैंने कहा- "काका, मात्र दो से ढाई घंटे का समय बचा है। इसी बीच हमें नहा-धोकर तैयार भी होना है और दरी-माइक की व्यवस्था भी करनी है। इसलिए सब लोग अपने-अपने काम में लग ही जाते हैं।"

डेढ़ बजे के करीब मानेसर, रसिकलाल और प्रदीप के साथ धीरेन्द्रजी आ पहुँचे। चारों को लेकर मैं स्कूल पहुँचा। धीरे-धीरे लोग आने लगे। महिलाएँ तो नहीं आईं, लेकिन स्कूल-कॉलेज की छात्राएँ आईं। भीड़ देखकर धीरेन्द्रजी का मन उत्साह से भर गया।

कार्यक्रम शुरू हुआ। श्याम काका अध्यक्षता करने लगे, तभी धीरेन्द्रजी ने कहा- "गाँववालों से एक बार आग्रह करें कि यदि किसी के मन में कोई प्रश्न हो तो वे रखें।"

मैंने कहा- "धीरेन्द्र जी, गाँव में इस तरह का कार्यक्रम पहली बार हो रहा है, इसलिए फिलहाल गाँववालों को छोड़ दें। आप अपने विचार सबको अच्छी तरह समझा दें।"

श्याम काका बोले- "भाइयों, धीरेन्द्र जी अपने विचार रख रहे हैं, इसलिए आप सभी लोग ध्यान से सुनें।"

धीरेन्द्र जी उठकर खड़े हुए और बोले- "बंधुगण, कबीरदास ने कहा है- "चलती चक्की देख के, दिया कबीरा रोय। दो पाटन के बीच में, साबुत बचा न कोय।" समय की गति सबसे ताकतवर है, जिस ओर कबीर ने इशारा किया है। लेकिन लोग इसे ठीक से समझ नहीं पाते। हमें गौर करके देखना होगा कि ये दो पाट किसके हैं और इनके बीच मनुष्य कैसे पिसता है। इसे इस तरह समझिए कि एक ओर राजा है और दूसरी ओर रंक। राजा सब कुछ से सम्पन्न है, और रंक यानी भिखारी के पास अपने शरीर के अलावा कुछ नहीं। आखिर ऐसा क्यों कि एक मनुष्य राजा है और दूसरा भिखारी, जबकि दोनों ही मनुष्य हैं?

यही है समाज में मनुष्य-मनुष्य के बीच की विषमता।

जैसे एक ओर धनी लोग हैं जो हर चीज़ से सम्पन्न हैं, रहने के घर-द्वार से लेकर खाने-पीने और भोग-विलास की सारी वस्तुओं तक, वैसे ही दूसरी ओर वे लोग भी हैं जिनके पास कुछ नहीं है। न पेट में अन्न है, न तन पर वस्त्र, न रहने

को घर-द्वार, और न जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने का कोई साधन।

ऐसी विषमता आज की ही नहीं है, बल्कि जिस दिन से धरती पर मनुष्य का आगमन हुआ, उसी दिन से है यह किसी न किसी रूप में चलती आ रही है। अभी मनुष्य के इतिहास पर, यानी वह धरती पर कैसे आया, इस पर चर्चा नहीं करूंगा। फिलहाल इतना ही कहूँगा कि गाँव से लेकर पूरे देश-दुनिया तक यह विषमता फैली हुई है।

इसी विषमता के बीच शोषक और शोषित दो वर्ग बन गए हैं, जिससे मनुष्य का जीवन जानवर के जीवन से भी बदतर हो गया है। इसने अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष, सबको प्रभावित किया है। आज हम सब यहाँ बैठकर इस विषमता को अच्छी तरह जानें और समझें। जब तक यह विषमता बनी रहेगी, तब तक मनुष्य का कल्याण संभव नहीं है। मनुष्य होकर भी मनुष्य का जीवन; मनुष्य के जीवन से लाखों किलोमीटर दूर रहेगा।

विचार में यह कहना आसान है कि सभी मनुष्य हैं, सबका जीवन मनुष्य की तरह बीते, सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति हो, सभी के बच्चे पढ़-लिखें, एक समरस समाज बने। लेकिन यह सब केवल मन को बहलाने की बातें होंगी, और कुछ नहीं।

जब तक जीवन में समरसता नहीं आएगी, सभी को जीवन जीने की सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक जैसे अब तक दुनिया में मुट्ठीभर लोग सम्पन्न हैं और विशाल जनसमूह कंगाल, वैसे ही आगे भी यह स्थिति सदैव ही बनी रहेगी।

आप सबसे आग्रह करता हूँ कि आप सब स्वयं को पहचानें और अपने-अपने दायित्व को निभाएँ। बस, आज इतना ही कहूँगा।” ❑

दूरदृष्टि और दिव्यदृष्टि

☰

हाई स्कूल के दिनों में ही विष्णुदेव के भीतर संकल्पशक्ति का उदय हो गया था। संकल्पशक्ति आने से पहले मनुष्य में सबसे पहले इच्छाशक्ति जागती है। इच्छाशक्ति के बाद संकल्पशक्ति आती है, और संकल्पशक्ति के बाद एकाग्रता की शक्ति, जिससे सफलता प्राप्त होती है।

यद्यपि साधना की वह पूरी सीढ़ी विष्णुदेव में अभी नहीं आई थी, फिर भी उसके मन में यह भाव दृढ़ हो गया था कि मैं जो कार्य कर रहा हूं, उसमें श्रेष्ठता और सफलता अवश्य प्राप्त करनी है, अपने वर्ग में सबसे अच्छा करना है। यही विचार उसे एकाग्र भी बनाता गया और पढ़ाई की ओर आकर्षित करता गया, जिसके परिणामस्वरूप वह साधारण श्रेणी का छात्र होते हुए भी प्रथम स्थान पर पहुंच गया। संकल्पशक्ति के जागने के साथ ही विष्णुदेव अपने वर्ग में, जब वह नौवीं कक्षा में पढ़ता था, साधारण श्रेणी के छात्र होते हुए भी अचानक उभरकर, यानी आगे बढ़कर, प्रथम स्थान पर आ गया। नौवीं में जब विष्णुदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तब से वह अपने वर्ग में लगातार प्रथम आने लगा। मैट्रिक की टेस्ट परीक्षा तक, जो बोर्ड परीक्षा से पहले होती है, उसने यह प्रथम स्थान बनाए रखा।

मनुष्य बदलता है तो उसकी चेतना भी बदलती है। इस परिवर्तन का मुख्य आधार संकल्पशक्ति को अपने भीतर जगाना है। अब तक मानव का जो विकास हुआ है, उसमें संकल्पशक्ति का विशेष योगदान रहा है। आदिकाल से लेकर आज तक मनुष्य ने जितनी दूरियां पार की हैं, अर्थात जो पहले नहीं था उसे प्राप्त किया है, जितना विकास किया है, उसमें संकल्पशक्ति की भूमिका अत्यंत

महत्वपूर्ण रही है। इसी शक्ति के बल पर उसके शरीर का आकार बदला, स्वरूप बदला, इंद्रियाँ बदलीं और चेतना भी रूपांतरित हुई। इच्छाशक्ति, संकल्पशक्ति और एकाग्रता तीनों ही अत्यंत बड़ी शक्तियाँ हैं।

संकल्पशक्ति का अर्थ है, दृढ़ निश्चय करना और उस निश्चय के पीछे स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देना।

खैर जिस प्रकार से विष्णुदेव ने मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की, उसी प्रकार इंटर में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बी.ए. ऑनर्स की परीक्षा देने के बाद वह गाँव लौट आया। अन्य विद्यार्थी की तरह जैसे- कुछ लोग तीर्थयात्रा के लिए निकल जाते हैं, तो कुछ बड़े शहर घूमने के लिए जाते हैं, पर विष्णुदेव परीक्षा देने के पश्चात सीधे गाँव आ गया।

गाँव पहुँचकर उसने सोचा कि लगभग ढाई-तीन महीने बाद परीक्षा का परिणाम आएगा, फिर आगे की कक्षा में नामांकन कराऊंगा। एम.ए. करने के बाद कॉलेज में अध्यापक, यानी प्रोफेसर बनने का विचार उसके मन में पक्का हो चुका था। आगे की पढ़ाई में प्रवेश लेने से पहले और बी.ए. की परीक्षा देने के बाद जो यह ढाई-तीन महीने का अंतराल था, उसमें रामायण और महाभारत का अध्ययन करने का विष्णुदेव ने निश्चय किया। इसी सोच के साथ उसने बी.ए. की परीक्षा के बाद यह दोनों ग्रंथ दरभंगा से खरीद कर अपने गांव लाया।

गाँव आकर जब विष्णुदेव ने इन ग्रंथों का आकार और मोटाई देखी, तो मन पीछे हट गया। कारण यह था कि इतने बड़े आकार के ग्रंथ का अध्ययन ढाई-तीन महीने में संभव ही नहीं था। सोच-विचार कर उसने तय किया कि रामायण और महाभारत का अध्ययन कॉलेज जीवन के बाद करूंगा, अभी केवल गीता का अध्ययन करूंगा, जो महाभारत का ही एक अंश है।

इसके लिए वह पुनः गाँव से दरभंगा गया और गीता की खोज में पुस्तक-भंडार पहुंचा। जब विष्णुदेव ने दुकानदार से गीता के बारे में पूछा, तो दुकानदार ने भाष्य सहित गीता के कई संस्करण दिखाए। एक से एक पुस्तक उनके सामने रख दी गई। उनमें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का भाष्य, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का भाष्य, विनोबा भावे का भाष्य और कई साधु-महात्माओं

के भाष्य भी थे।

गीता के इतने रूप देखकर विष्णुदेव उलझन में पड़ गए कि कौन-सी पुस्तक लूं और कौन-सी छोड़ दूं। सभी पुस्तक ले लूंगा तो ढाई-तीन महीने में सबों को पढ़ पाना भी संभव नहीं होगा। इसलिए उसने निश्चय किया कि दुकानदार से ही पूछ लें कि कौन-सी पुस्तक उनके उद्देश्य के लिए सबसे उपयुक्त होगी। उन्होंने दुकानदार से कहा- "मुझे ढाई-तीन महीने में गीता का अध्ययन करना है, तो उसी के अनुसार जो पुस्तक उचित हो, वह दीजिए।"

विष्णुदेव की यह मांग सुनकर दुकानदार ने उनके चेहरे पर नज़र डाली और समझ गया कि वे वास्तव में लगनशील हैं। इसलिए केवल बिक्री के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि अध्ययन के हित में सलाह देना ही अपने धर्म की रक्षा होगी। वह बोला- "जिस जिज्ञासा से आप पुस्तक लेना चाहते हैं, उसके अनुसार अच्छा होगा कि बाल गंगाधर तिलक और सर्वपल्ली राधाकृष्णन की गीता ले लें। इन पुस्तकों में श्लोकों की उत्कृष्ट व्याख्या है। हमारे समाज में गीता का अध्ययन करने वाले अस्सी से नब्बे प्रतिशत लोग तुलसी कृत रामायण के अंश 'हनुमान चालीसा' और महाभारत के अंश 'गीता' का केवल पाठ करते हैं, लेकिन जब आप अध्ययन के दृष्टिकोण से लेना चाहते हैं, तो तिलक और राधाकृष्णन का भाष्य ही उपयुक्त होगा।"

दुकानदार की यह बात सुन विष्णुदेव ने पूछा- "आपने क्या पाठ कहा?"

दुकानदार मुस्कुराते हुए बोला- "चालीस वर्षों से दुकानदारी कर रहा हूँ, अर्थात पुस्तकें बेचता हूँ, इस दौरान तरह-तरह के ग्राहकों से भेंट हुई है। वे अपने-अपने विचार रखते हैं और मैं उसी अनुसार कहता हूँ। गीता मात्र पाठ करने की वस्तु नहीं है, यह जीवन के रहस्यों को उद्घाटित करती है, अर्थात जीवन का पाठ सिखाती है।"

दुकानदार के विचार को सुनकर विष्णुदेव ने चुपचाप दोनों पुस्तकें, तिलक और राधाकृष्णन के भाष्य, खरीदीं और गाँव लौट आया।

गाँव आकर जब विष्णुदेव ने दोनों पुस्तकों को उलट-पुलट कर देखा तो गीता के श्लोक देखकर मन घबरा गया। घबराहट का कारण यह था कि अब तक

जो संस्कृत उसने पढ़ी थी, यानी हाई स्कूल में मैट्रिक तक, वह साधारण स्तर की थी, जबकि गीता के श्लोक कठिन थे, जिन्हें स्वयं से पढ़ना और समझना आसान नहीं था। उनके मन में यह विचार इसलिए आया क्योंकि वैदिक भाषा से लेकर अठारहों पुराण और वाल्मीकि रामायण जैसे शास्त्रों की जो समासनिष्ठ शैली है, उसकी व्याख्या व्याख्याकारों ने गहन और सूक्ष्म ढंग से की है, जिसे पकड़े बिना, अर्थात समझे बिना, वास्तविक सारतत्त्व नहीं पाया जा सकता।

अचानक विष्णुदेव के मन में विचार आया कि अब यही अच्छा होगा की ज्योतिषी बाबा से कहूं कि वे मुझे गीता पढ़ा दें।

ज्योतिषी बाबा का नाम रघुवंश है। वे संस्कृत महाविद्यालय में अध्यापक रह चुके हैं, दस वर्ष पूर्व ही सेवा-निवृत्त हुए हैं। अभी उनकी आयु सत्तर-पचहत्तर वर्ष के बीच है। दोनों बेटे संस्कृत महाविद्यालय में अध्यापक हैं और ज्योतिषी बाबा स्वयं दिन भर, जीवन के क्रिया-कर्म से निवृत्त होने के बाद, शास्त्र-पुराण के अध्ययन-मनन में ही लगे रहते हैं। विचारों में वे इतने परिपक्व हो चुके हैं कि जैसे गंगा में गंगाजल दिन-रात प्रवाहित होता रहता है, वैसे ही उनके हृदय में प्रेम, करुणा, दया और विनयशीलता जैसे मानवीय गुण निरंतर प्रवाहित होते रहते हैं।

गाँव-समाज के पढ़े-लिखे लोग उन्हें 'ज्योतिषी बाबा' या 'ज्योतिषी काका' कहते हैं, जबकि अशिक्षित लोग 'जोतखी बाबा' या 'जोतखी काका' कहते हैं। किंतु इससे ज्योतिषी बाबा के मन में रत्ती भर भी ग्लानि नहीं होती। वे भली-भाँति समझते हैं कि पढ़े-लिखे लोगों का भाषा पर; अध्ययन का प्रभाव होता है, जबकि अशिक्षित लोगों की बोली पर समाज का प्रभाव अधिक पड़ता है।

ज्योतिषी बाबा के पास पहुँचकर विष्णुदेव ने प्रणाम किया और कहा- "बाबा, ढाई-तीन महीने का अवकाश है, आप गीता पढ़ा दीजिए।"

विष्णुदेव के बारे में ज्योतिषी बाबा को थोड़ी-बहुत जानकारी थी, पर सामने से बातचीत आज ही हो रही थी। ज्योतिषी बाबा बोले- "बेटा, मेरी भी इच्छा रहती है कि अधिक से अधिक लोग शास्त्र-पुराण, विशेषकर गीता का अध्ययन करें, लेकिन सामाजिक परिस्थिति ऐसी बन गई है कि लोग अपनी

जटिल और विकराल समस्याओं में इस कदर उलझ गए हैं कि शास्त्र-पुराण का अध्ययन ही नहीं कर पाते। यदि तुम्हारे मन में ऐसी जिज्ञासा जगी है, तो यह खुशी की बात है।"

ज्योतिषी बाबा के विचार सुनकर विष्णुदेव बोले- "बाबा, अब तक विद्यालय और महाविद्यालय में समय बीता है। बी.ए. की परीक्षा दे चुका हूँ, परिणाम आने के बाद एम.ए. में नाम लिखवाऊँगा। इस बीच के ढाई-तीन महीने में इच्छा है कि गीता का अध्ययन करूँ।"

विष्णुदेव की जिज्ञासा देखकर ज्योतिषी बाबा बोले- "बेटा, गीता तो जीवन का पाठ है, जितना अध्ययन करोगे उतना नया जीवन मिलेगा। फिलहाल जो समय तुम्हें मिला है, उसमें इतना तो संभव है कि गीता-ज्ञान की जो दिशा है, उसे समझ सको।"

अब तक विष्णुदेव गीता को वैसे ही शास्त्र मानते थे जैसे अन्य हैं। वे यह नहीं समझ पाए थे कि गीता कामधेनु के समान है। उन्होंने कहा- "बाबा, गीता का अध्ययन करने से पहले उसकी भूमिका के विषय में कुछ..."

विष्णुदेव की जिज्ञासा ज्योतिषी बाबा ने भाँप ली। वे बोले- "बेटा, गीता महाभारत का एक अंश है, जिसमें कृष्ण ने अर्जुन को दिव्यज्योति, अर्थात दिव्यदृष्टि प्रदान की।"

'दिव्यदृष्टि' सुनकर विष्णुदेव ने ज्योतिषी बाबा से पूछा- " दिव्यदृष्टि क्या होता है, बाबा?"

विष्णुदेव की जिज्ञासा सुनकर ज्योतिषी बाबा बोले- "बेटा, महाभारत के गीता-अंश में कृष्ण ने अर्जुन को दिव्य दृष्टि दी, जबकि संजय को धृतराष्ट्र के लिए दूर दृष्टि प्रदान की। इसलिए पहले मैं तुम्हें दिव्य दृष्टि और दूर दृष्टि की विस्तृत व्याख्या बतलाता हूं। पहले इन्हें अच्छी तरह हृदयंगम कर लो, फिर गीता के एक-एक श्लोक की चर्चा करेंगे।"

जैसे किसी को राह चलते कोई अमूल्य वस्तु मिल जाएं तो मन में अपार खुशी होती है, वैसे ही विष्णुदेव के मन में भी खुशी भर गई। ज्योतिषी बाबा के विचार सुनकर उन्होंने कुछ नहीं कहा, लेकिन अपनी इंद्रियों को सजग कर लिया।

यह देखकर ज्योतिषी बाबा समझ गए कि विष्णुदेव सुनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

ज्योतिषी बाबा बोले- "बेटा, दूरदृष्टि और दिव्यदृष्टि अपनी संरचना, अर्थ की गहराई और प्रयोग-क्षेत्र की दृष्टि से अलग होते हुए भी आपस में गहरा संबंध रखते हैं। दोनों ही दृष्टि की शक्ति है। अंतर बस इतना है कि क्या देखते हैं, कैसे देखते हैं, कब देखते हैं और कहाँ देखते हैं।

दूरदृष्टि शब्द जितना सामान्य प्रतीत होता है, उसका अर्थ उतना ही गहरा है। यह ऐसी क्षमता को इंगित करता है जो वर्तमान परिस्थितियों, संकेतों, अनुभव और ज्ञान के आधार पर भविष्य की संभावनाओं को पहले से पहचान लेती है। दूरदृष्टिवान व्यक्ति समाज, राजनीति, जीवन, शिक्षा और नीति-निर्माण जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालीन परिणामों का पूर्वानुमान लगाकर विवेकपूर्ण निर्णय लेता है। यह निर्णय भले तत्काल सुखद न हो, लेकिन दीर्घकाल में समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होता है।"

ज्योतिषी बाबा की बात सुनकर विष्णुदेव कुछ कहना चाहते थे, पर मन ने रोका, इसलिए चुप रहे।

ज्योतिषी बाबा आगे बोले- "चाणक्य, महात्मा गांधी, मार्क्स, अब्राहम लिंकन जैसे लोग ऐसे ही दूरदृष्टिवान थे जो भविष्य को देखते रहते थे। इसके विपरीत दिव्यदृष्टि एक अलौकिक और आध्यात्मिक शब्द है। यह साधारण नेत्र से दिखने वाले दृश्य से परे की अनुभूति है। इसके माध्यम से सूक्ष्मलोक, देवगण, आत्मा, भविष्यकाल जैसी अदृश्य घटनाएँ देखी जा सकती हैं। शास्त्र-पुराण में ऐसी कई घटनाओं का वर्णन है। जैसे, महाभारत में संजय हस्तिनापुर में बैठकर कुरुक्षेत्र का युद्ध देख रहे थे, उसी तरह अगस्त्य, व्यास, नारद आदि ऋषि भविष्य और परलोक के दृश्य देख सकते थे। दिव्यदृष्टि मानव प्रयास से नहीं, बल्कि योगबल, तप और देवी अनुग्रह से प्राप्त होती है। इसमें तर्क नहीं, अनुभव भी नहीं, बल्कि आत्मज्ञान, ध्यान और अंत:करण की पवित्रता कार्य करती है। इन दोनों दृष्टियों में एक सूक्ष्म समानता है, और वह यह कि दोनों ही भविष्य को देखने के साधन हैं, लेकिन अलग-अलग स्तर पर।"

विष्णुदेव ने पूछा- "अलग-अलग स्तर पर, कैसे"?"

ज्योतिषी बाबा बोले- "एक सांसारिक प्रयत्न से उत्पन्न यथार्थ-दृष्टि है और दूसरी आध्यात्मिक साधना से उपजी अंतर्यामी-दृष्टि।"

विष्णुदेव ने फिर पूछा- "महाभारत का युद्ध क्या है?"

मुस्कुराते हुए ज्योतिषी बाबा बोले- "महाभारत का कुरुक्षेत्र युद्ध केवल अस्त्र-शस्त्र की टकराहट नहीं, बल्कि चरित्र, दृष्टिकोण और चेतना का भी संघर्ष है।"

कुरुक्षेत्र के युद्ध का उल्लेख सुनकर विष्णुदेव ने कुछ कहा नहीं, पर गहरी साँस ली।

ज्योतिषी बाबा ने कहा- "दिव्यदृष्टि एक ऐसी अवधारणा है जो गीता और महाभारत में अर्जुन-कृष्ण संवाद में केवल अद्भुत अनुभव ही नहीं, बल्कि गूढ़ आध्यात्मिक प्रक्रिया, परम साक्षात्कार और ब्रह्मज्ञान के उद्भव का बिंदु भी है। यह ईश्वर के विराट स्वरूप, काल-स्वरूप, समष्टि चेतना और सृष्टि के एकात्म दर्शन का अद्भुत साधन है। अभी इतना ही! अंत में आज यही कहूँगा कि दूरदृष्टि वर्तमान से भविष्य देखने की सामर्थ्य देती है और दिव्यदृष्टि चेतना की गहराई देखने की। यदि दूरदृष्टि बुद्धि की आँख है तो दिव्यदृष्टि हृदय की। ये दोनों दृष्टियाँ परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे की पूरक हैं। एक कहती हैं- दूर देखो और दूसरी कहती है भीतर देखो। ढाई-तीन महीने तुम भी तो गाँव में रहोगे ही, बाकी बातें फिर...!" ❑

झूठ की शव–परीक्षा

☰

आरंभ से ही हमारे समाज और परिवार में बच्चों को माता–पिता तथा विद्यालय में गुरुजन यह सिखाते आए हैं कि झूठ बोलना पाप है और सत्य बोलना पुण्य। बड़ों का सम्मान करना धर्म है, चोरी न करना धर्म है और चोरी करना पाप है। इस प्रकार अनेक नीति–प्रधान शिक्षाएँ बच्चों को निरंतर मिलती रही है।

हालांकि, अब तक हमारे समाज में आधे से भी कम बच्चों ने विद्यालय का मुख देखा है। इनमें भी बेटों की संख्या अधिक रही है, जबकि बेटियों की संख्या अपेक्षाकृत कम। इस कारण सौ प्रतिशत बच्चों को यह पाठ अर्थात सत्य बोलना पुण्य है और झूठ बोलना पाप है, विद्यालय के गुरुजनों से प्राप्त नहीं हो पाया, पर माता–पिता से तो यह शिक्षा मिलती ही रही है। जिस प्रकार विद्यालय के शिक्षक को 'गुरु' कहा जाता है, उसी प्रकार माता–पिता को भी गुरु माना जाता रहा है। यहाँ तक कि समाज में यह परंपरा भी रही है कि यदि किसी से कोई अच्छा विचार या किसी उत्तम कार्य की प्रेरणा मिले, तो उसे भी गुरु कहा जाता है।

जब हम अपने समाज और देश की दृष्टि से संपूर्ण विश्व की ओर देखते हैं, तो यह भी स्पष्ट होता है कि बहुत से ऐसे देश हैं, जहाँ सौ प्रतिशत लोग शिक्षित हैं और प्रत्येक बच्चा विद्यालय जाता है। निस्संदेह, संसार बहुत विशाल है, जिसमें सैकड़ों देश हैं, जो भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से समान नहीं हैं। जिस प्रकार भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत उन्नत देश हैं, उसी प्रकार अत्यंत पिछड़े देश भी हैं। कोई देश ऐसा है, जहाँ उपजाऊ भूमि अधिक होने के कारण वहाँ विविध प्रकार

के अन्न, फल–फूल की भरपूर पैदावार होती है; तो कोई देश ऐसा भी है, जिसकी मिट्टी बालूयुक्त या पथरीली है, जिससे उसकी उत्पादकता कमजोर है। कुछ देश ऐसे भी हैं, जो पठार और पर्वतों से भरे हैं, जिस कारण वहाँ की उपज कम है और जीवन भी कठिन।

खैर, यह सब तो दुनिया की बातें हुईं। हमारे यहाँ, अर्थात उत्तर बिहार या मिथिलांचल की भूमि में, अनेक नदियाँ हैं, जिसे गंगा–ब्रह्मपुत्र का मैदान भी कहा जाता है। यहाँ जिस प्रकार अन्न की प्रचुर पैदावार होती है, उसी प्रकार अनेक प्रकार के फल–फूलों की उपज भी होती है।

जिस देश या समाज की उत्पादकता और भौगोलिक संरचना जैसी होगी, वैसा ही वहाँ के लोगों का जीवन और उन्नति का मार्ग भी होगा। हमारे यहाँ, अर्थात हमारे समाज में, बच्चों को ऐसे पाठ और संस्कार दिए जाते रहे हैं, जिनसे अधिक से अधिक श्रेष्ठ और सज्जन मनुष्य का निर्माण हो सके। अनेक विद्वान और ऋषि–मुनियों ने इसी उद्देश्य से प्रयास किया है कि मनुष्य और समाज दोनों अधिक से अधिक सुंदर और उत्तम बनें। इस लिए कहा गया है- "जैसा देश, वैसा भेष।"

सत्य बोलना पुण्य है और झूठ बोलना पाप है। यह शिक्षा हमारे यहाँ प्राचीन काल से दी जाती रही है। इन्हीं 'सत्य' और 'झूठ' की मान्यताओं की मानो आज एक प्रकार की शव–परीक्षा हो रही है। शव–परीक्षा का अर्थ है पोस्टमार्टम। वैसे, गौड़ जी, अर्थात नवल किशोर गौड़, जो लंगट सिंह कॉलेज, मुजफ्फरपुर के पूर्व प्राचार्य थे, उन्होंने हिन्दी साहित्य जगत में 'छायावाद' का भी पोस्टमार्टम किया था, और यदि आज वे जीवित होते तो न जाने साहित्य के कितने उत्तरवर्ती वादों का भी विश्लेषण–विच्छेदन कर चुके होते। दुर्भाग्य यह है कि अब वे नहीं रहे, जो अन्य वादों की भी शव–परीक्षा कर पाते। एक कहावत है- "जो जीता है, वही फाग खेलता है; जो मरता है, वह लिखा जाता है।" बस, गौड़ जी अब केवल लेखों में शेष हैं।

सावन माह का अंतिम सप्ताह था। दिन के लगभग दस बजे का समय। धूप और गर्मी दोनों अपने विकराल रूप में थीं। दरवाज़े पर बैठा मैं मन ही मन

सोच रहा था। समय के हिसाब से तो यह काम करने का उपयुक्त वक्त है, क्यों न कोई आवश्यक कार्य निपटा लिया जाए और फिर नहा लिया जाए। लेकिन गर्मी के तीव्र प्रकोप को देखकर मन हिचक रहा था कि ऐसे समय में यदि धूप में निकलकर कोई काम किया, तो बीमारी घेर सकती है। स्वस्थ रहा तो किसी और समय काम कर लूँगा, पर यदि अस्वस्थ हो गया तो न केवल काम रुक जाएगा, बल्कि बीमारी का भी ठिकाना नहीं कि क्या होगा और कब तक ठीक होगा। इसलिए निश्चय किया, अब बाहर काम करने नहीं जाऊँगा।

इन्हीं विचारों में था कि ननौर वाली भाभी आकर बोलीं- “बौआ, गाँव में लोग तो बहुत हैं, लेकिन किसुनलाल जैसा एक भी नहीं है।”

पहले तो भाभी की बात का कोई सिर–पैर समझ में नहीं आया। क्योंकि गाँव में एक से बढ़कर एक अच्छे लोग भी हैं और बुरे भी हैं। अच्छे लोगों का मतलब वे जिनका आचरण और वाणी दोनों उत्तम हैं। उसी तरह, एक से बढ़कर एक बुरे लोग भी हैं, जिनकी वाणी और आचरण दोनों ही अधम हैं। मैंने पूछा- “क्या मतलब, भाभी?”

भाभी बोलीं- “ऐसा फुसियाहा (फिजूल और बेकार की बातें करने वाला) आदमी गाँव में एक भी नहीं है।”

भाभी के मुँह से ‘फुसियाहा’ शब्द सुनकर मन में विचार आया कि सचमुच गाँव में ऐसा कोई नहीं है जो सौ प्रतिशत सत्य ही बोलता हो या सौ प्रतिशत झूठ ही। भाभी की बात को टालते हुए मैंने कहा- “भाभी, नहाने का समय हो गया है। गर्मी से मन घूम रहा है, तो अभी आप जाइए। मैं भी नहाने जा रहा हूँ।”

जैसा मैंने कहा, वैसे ही भाभी भी चलीं गईं। थोड़ी देर बाद मन में आया कि यह बात केवल आज की नहीं है; बरसों से देखता आ रहा हूँ कि एक ही मुँह, अर्थात एक ही व्यक्ति, सत्य भी बोलता है और झूठ भी।

फिर विचार अपने ऊपर आया। अपने ऊपर नज़र पड़ते ही मन ने स्वीकार किया कि समय–समय पर मैं भी झूठ और सत्य दोनों बोलता हूँ। फिर मन बच्चों की ओर गया, जिस बच्चे को माता–पिता, समाज के लोग और विद्यालय में शिक्षक यह सिखाते हैं कि झूठ बोलना पाप है और सत्य बोलना पुण्य, तो फिर

उसके भीतर झूठ बोलने की प्रवृत्ति आती कहाँ से है?

कितना ही मन में विचार किया, पर प्रश्न का उत्तर नहीं मिला। सोचते–सोचते मन बोझिल हो गया, पर समाधान नहीं हुआ। अंततः हार मानकर निश्चय किया कि अभी तो नहाने–खाने का समय हो गया है, ऊपर से इतनी धूप और गर्मी है कि यदि घर से बाहर निकला तो बीमार पड़ सकता हूँ। बेहतर होगा कि जब दोपहर ढले और धूप उतर जाए, तब विजय काका के घर जाकर उनसे पूछूँ। मन यह तय कर चुका था।

नहा–खाकर खाट पर गया, पर नींद नहीं आई। एक तो हवा थम गई थी, ऊपर से धरती से आकाश तक इतनी गर्मी फैली थी कि जितना भी पंखा चलाओ, जरा-सी भी ठंडक नहीं मिल रही थी। समय भी कुछ ऐसा ही था। सावन का महीना जिसमें एक दिन भी ऐसी वर्षा नहीं हुई जिससे धान की रोपनी होती या तालाब–पोखर भरते। जैसे खेत सूखकर पत्थर हो गए थे, वैसे ही पेड़–पौधों का रंग भी मुरझाकर फीका पड़ गया था।

जब दिन ढलने लगा, लगभग चार बजे, तो चाय पीकर विजय काका के घर पहुँचा। काका दरवाज़े पर अकेले बैठे, आँखें मूँदे, मन ही मन कुछ सोच रहे थे। हल्के स्वर में बोला- “काका, प्रणाम।”

मेरी आवाज़ सुनकर काका चौंके, आँखें खोल कर मुझे देखते ही बोले- “भले रहो।”

मैं तब तक काका के पास पहुँच चुका था। उन्होंने हाथ से इशारा कर एक कुर्सी दिखाते हुए कहा- “बैठो।”

जैसा काका ने कहा, वैसा ही मैंने किया और बगल की कुर्सी पर बैठ गया। पसीने से तर-बतर था, इसलिए तौलिया से चेहरा पोंछने लगा। पसीना पोंछ ही रहा था कि बीच में ही काका ने पूछा- “ऐसे समय में यहां आने का क्या कारण है, सुधीर?”

मैंने कहा- “काका, दरवाज़े पर बैठा मन ही मन सोच रहा था कि गाँव में अधिकतर लोग ऐसे हैं जो पूरे दिन बेकार की बातें करते हैं।” भाभी की बात मैंने काका से नहीं कही, पर वह मन में जरूर थी।

मेरी बात सुनकर काका मन ही मन मुस्कुराने लगे, पर बोले कुछ नहीं। मैं उनके चेहरे को देखता रहा और वे मेरे चेहरे को। मुझे लगा, शायद काका आगे की बात सुनना चाहते हैं, और मैं यह भी सोच रहा था कि अब काका क्या कहेंगे। कुछ देर दोनों के बीच चुप्पी बनी रही। फिर काका बोले- "क्या झूठ की खेती, सुधीर?"

मैंने कहा- "काका, गाँव में एक भी ऐसा व्यक्ति, यानि दस प्रतिशत भी, नहीं है जो झूठ न बोलता हो। यही आश्चर्य है कि जब सब झूठ बोलेंगे, तो समाज में एक–दूसरे के बीच संबंध आखिर कैसे बने रहेंगे?"

मेरी बात गंभीरता से सुनकर काका बोले- "सुधीर, दुनिया में न तो सब कुछ शाश्वत है और न ही सब कुछ अशाश्वत। शाश्वत भी है और अशाश्वत भी, दोनों है। यह दोनों साथ–साथ चलते हैं। समय पाकर कभी शाश्वत भी अशाश्वत बन जाता है और कभी अशाश्वत भी शाश्वत हो जाता है, इसलिए निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन है।"

विजय काका की बात मैं आधी समझ पाया और आधी नहीं। वह आधी समझ में आई, जिस पर दृष्टि थी, और आधी नहीं, जिस पर दृष्टि नहीं थी। मैंने कहा- "काका, शाश्वत–अशाश्वत का झूठ बोलने से क्या संबंध है? शाश्वत–अशाश्वत तो स्थायी प्रक्रियाएँ हैं, जबकि झूठ तो दैनिक व्यवहार का विषय है, जो सीधे–सीधे एक–दूसरे के जीवन से जुड़ा है।"

विचार को आगे बढ़ाते हुए विजय काका बोले- "सुधीर! अभी दुनिया की बात छोड़ो कि उसमें कितने लोग झूठ बोलते हैं और कितने लोग सच। अभी अपने समाज, यानी गाँव के लोगों की, चर्चा करते हैं।"

विजय काका की यह बात मुझे भी उचित लगी, क्योंकि जिस तरह एक रूप विश्व–रूप में परिणत होता है और विश्व–रूप पुनः एक रूप में बदल जाता है, वैसे ही समाज से ही विश्व की संरचना बनती है। मैंने कहा–

"हाँ काका, यह अच्छा रहेगा। सात अरब लोगों की दुनिया में सात अरब तरह की बुद्धि और विवेक हैं। इतने विचार अगर एक जगह समेटने की कोशिश करेंगे, तो वह वैसा ही हो जाएगा जैसे सिंगही मछली को तराजू पर तौलना, एक

को पलड़े पर रखेंगे तो दूसरा कूदकर नीचे चला जाएगा, और उसे पकड़कर पलड़े पर रखेंगे तो तीसरा नीचे फिसल जाएगा।"

विजय काका पुनः बोले- "सुधीर, बचपन से ही लोग माता–पिता, समाज के लोग और गुरुजन बच्चों को ज्ञान देते हैं, लेकिन सौ प्रतिशत नहीं। क्योंकि लोगों के मन में यह धारणा गहरी बसी हुई है कि जब तक सौ प्रतिशत–सत्य बोलने वाला एक भी व्यक्ति नहीं है, तब तक दुनिया का चलना असंभव है। इसलिए सौ प्रतिशत नहीं, पर नब्बे–पंचनावें प्रतिशत झूठ बोलने वाले लोग तो मिलते ही हैं। हाँ, ऐसे लोग कम होते हैं, क्योंकि जो बहुत अधिक, अर्थात नब्बे–पंचनावें प्रतिशत लोग, झूठ बोलने वाले होते हैं, उनका झूठ सब पहचानने लगते हैं, जिससे उन पर विश्वास समाप्त हो जाता है।"

विजय काका की बातों के प्रवाह में मैंने कहा- "हाँ, यह बात तो सही है।"

काका ने आगे कहा- "उससे कम–अस्सी–पचासी प्रतिशत–झूठ बोलने वाले भी होते हैं। उनसे भी कम–सत्तर–पचहत्तर प्रतिशत–झूठ बोलने वाले, और इसी तरह घटते–घटते पचास प्रतिशत से अधिक झूठ बोलने वाले।"

मैंने सहमति दी- "हाँ, ऐसे लोग तो हैं।"

काका बोले- "आधे से कम–यानी पचास प्रतिशत से कम–झूठ बोलने वाले वे होते हैं, जो आधे से अधिक सच बोलते हैं। जैसे–जैसे झूठ की मात्रा घटती जाती है, वैसे–वैसे सत्य की मात्रा बढ़ती जाती है।"

अनायास मेरे मुँह से निकल गया- "लोग भी अजीब होते हैं।"

काका मुस्कराते हुए बोले- "सुधीर, जो लोग झूठ बोलते हैं, वे यह थोड़े मानते हैं कि हम झूठ बोल रहे हैं।"

मैंने पूछा- "तो?"

काका बोले- "झूठ बोलने को लोग चालाकी समझते हैं। मतलब, हम बुद्धिमान हैं। अपने को बुद्धिवान मानकर लोग झूठ बोलते हैं। वैसे भी, समय की गति ऐसी है कि मौका पाकर झूठ भी सच हो जाता है और सच भी झूठ। जैसे, कल तक जिसे लोग धर्म मानते थे, वह आज अधर्म हो गया है, और जिसे अधर्म समझते थे, वह आज धर्म बन गया है।"

काका की यह बात सुनकर मुझे भी आश्चर्य हुआ कि धर्म कैसे अधर्म बन सकता है और अधर्म धर्म में बदल सकता है, जबकि धर्म तो शाश्वत सत्य है। मैंने पूछा- "यह कैसे, काका?"

काका ने कहा- "सुधीर, शास्त्र और पुराण कहते हैं, और लोग मानते भी हैं, कि धर्म शाश्वत सत्य है। वह जीवन का सत्य है जो दिन–प्रतिदिन, जीवन के साथ–साथ, बढ़ता है पर घटता नहीं। लेकिन व्यवहारिक रूप में, यानी जीवन की क्रिया के रूप में, वह बदलकर चालाकी का रूप ले लेता है, जिससे धर्म और अधर्म के स्वरूप बदल जाते हैं। अपने समाज में ही; चारों ओर देखो। कल तक बेटा–बेटी के विवाह में जो नगद–दहेज–लेता था, वह अधार्मिक, यानी पापी माना जाता था, और जो दहेज नहीं लेता था, वह धार्मिक समझा जाता था। लेकिन आज क्या देख रहे हो? यही न कि जो जितना अधिक नगद लेता है, उसे उतना ही बड़ा धर्मात्मा माना जाता है। इसलिए, दुनिया की ओर मत देखो–पहले अपने भीतर देखो और वही करो। यदि अपने आप के मालिक हो, तो अधर्म मत करो और झूठ मत बोलो।"

मैंने कहा- "ठीक बात।"

काका ने भी सहमति जताई- "हाँ, तो और क्या!" ❑

प्रतिस्पर्द्धा

☰

आज का समय प्रतिस्पर्धा का है। जहाँ देखो, जिस ओर जाओ, हर जगह प्रतिस्पर्धा है। व्यक्ति-व्यक्ति के बीच, परिवार-परिवार के बीच, जाति-जाति के भीतर, सम्प्रदाय-सम्प्रदाय के बीच, समाज-समाज के बीच, हर जगह प्रतिस्पर्धा की परिस्थिति बन चुकी है।

वे बोले- "हमारा पैतृक घर तो संतोषपुर गाँव में है, मगर गाँव में रहते नहीं, जहाँ जिस दिन ठिकाना मिल जाए, वहीं घर है।"

उनकी यह बात सुनकर मन में लगा कि शायद पहुँचे फ़कीर किस्म के व्यक्ति हैं। इसलिए मैंने भी सोचा कि बातचीत सोच-समझकर करनी चाहिए। शब्दों का संयम सबसे बड़ा संयम है, इसलिए ज़िम्मेदारी से शब्दों का इस्तेमाल करना ही समझदारी है। जैसे शब्द का प्रयोग करोगे, वैसा ही तुम्हारा परिचय बनेगा। कहा भी जाता है कि मनुष्य के भीतर सात चक्र होते हैं, जिनमें आज्ञाचक्र प्रमुख है। आज्ञाचक्र जितना मज़बूत होगा, तुम भी उतने ही मज़बूत बनोगे। बाहरी लोगों से जितना संयमित शब्दों का प्रयोग करोगे, उतना अच्छा, और अपने भीतर भी जो कहो, वही करो और जो करो, वही कहो—इसका भी महत्व है। नाश्ता तैयार कर पत्नी आँगन के दरवाज़े पर आकर खड़ी हो गई। उन्हें देखते ही मैं समझ गया कि नाश्ता बन गया है। आँगन से थाली में नमक, मिर्च, सरसों का

तेल मिलाया हुआ चूड़ा ले आकर उनके सामने रख दिया। भूजा देखकर वे मन ही मन प्रसन्न होकर बोले- “इतनी जल्दी कैसे तैयार कर लिया!”

मैंने कुछ कहा नहीं, बस चुपचाप सुनता रहा। जैसे भूखे पेट में रोटी का एक टुकड़ा भी बड़ा लगता है, वैसे ही उन्होंने भी चार-पाँच बार भुजा खाया और पानी पिया। पानी पीने के बाद बोले,

"रामनवमी में जनकपुर गया था। वहाँ से घूमकर गाँव लौट रहा हूँ।”

मैंने मन ही मन हिसाब लगाया तो बात मिल गई। 6 अप्रैल को रामनवमी थी, आज 10 अप्रैल है। मैंने कहा- “वाह-वाह! मेला कैसा था?”

अतिथि बोले- “मेला तो मेला ही था। जैसे मिथिलांचल के लोग आए थे, वैसे ही अयोध्या से भी सैकड़ों की संख्या में गाड़ियों में भरकर यात्री आए थे।”

नाश्ता कर उन्होंने पानी पिया, एक गहरी डकार ली, जिससे मुझे भी समझ में आ गया कि उन्होंने जी-भरकर खाया है। मैंने कहा- “पान तो आप खाते नहीं, वैसे घर में है भी नहीं। तंबाकू लेंगे?”

मुस्कुराते हुए बोले- “अन्न छोड़कर मैं कोई और नशा नहीं करता।”

अनायास मेरे मुँह से निकला- “वाह!”

अपना परिचय देते हुए बोले- “मेरा नाम रामदास है और मैं संतोषपुर गाँव का रहने वाला हूँ।”

मन में तो आया कि जैसे गाँव का नाम, वैसे ही इनका नाम भी अद्वितीय है, लेकिन यह मैंने कहा नहीं। बस इतना पूछा- “परिवार में कौन-कौन हैं?”

परिवार तो परिवार ही होता है। कोई अपने वंशगत रिश्तेदारों को परिवार मानता है, तो कोई मनुष्यों के किसी बड़े समूह को भी परिवार समझ लेता है। रामदास बोले- “जब तक बच्चे छोटे थे, तब तक अपने परिवार में रहकर, खेती करके और मवेशी पालकर जीवन-यापन करता था। लेकिन जब बेटी ससुराल में बस गई और बेटा जवान हो गया, फिर उसका विवाह कर दिया, तो अपने वंशगत परिवार से निकलकर मनुष्यों के सामूहिक परिवार में शामिल हो गया।”

रामदास की यह बात सुनकर मन में लगा कि यह तो कुछ अलग तरह के

इंसान हैं। आमतौर पर देखा है कि आदमी जितना उम्रदराज़ होते जाता है, उतना ही अपने वंशगत परिवार से चिपक जाता है। वहीं रामदास कह रहे हैं कि उन्होंने तो परिवार ही छोड़ दिया! मैंने पूछा- "परिवार को क्यों छोड़ दिया?"

रामदास ने खुलकर कहा- "जीवन के चालीस वर्ष परिवार में बिताए। जब दोनों बेटियों की शादी कर उन्हें ससुराल विदा कर दिया और बेटे का विवाह कर बहू को घर ले आया, तब मन में विचार उठा कि ज़िंदगी का आधा समय तो बीत चुका है, पर जो शेष आधा है उसका उपयोग मानव सेवा में करूँ। यही सोचकर बेटे से कहा, 'बेटा, अब तुम अपने परिवार का भार अपने कंधों पर लो। मनुष्य बनकर जब इस धरती पर जन्म लिया है और यदि मनुष्य की सेवा ही न कर पाए, तो वह जीवन कोई जीवन नहीं है।'"

रामदास की बात सुनकर मन चौंक उठा। मतलब यह कि मन के भीतर सजगता जागी, सजगता इस बात की कि गुण-गुण के आधार पर मनुष्यों में अंतर भी होता है। इसलिए जैसे व्यक्ति हों, उनका आदर-सम्मान वैसा ही हो और उनके भीतर जो गुण हों, उनका अनुकरण करने का प्रयास भी करना चाहिए। यदि द्वार पर पहुँचे ज्ञानी से ज्ञान ग्रहण न कर पाएँ, तो वह अपनी अज्ञानता है। जैसे वेद मंत्र कहता है, 'अहो ज्ञान, महो ज्ञान', वैसी अनुभूति तभी सजगता लाती है।

आज इक्कीसवीं सदी चल रही है। आध्यात्मिक दर्शन भारतीय दर्शन का प्रमुख अंग है, जो शरीर के साथ-साथ मन और आत्मा की पूर्ण व्याख्या करता आया है और करता रहेगा। तो क्यों न रामदास से अच्छी तरह समझ लिया जाए। जिस तरह कोई उत्तम फल की आशा से कोई अच्छा कर्म करने का कदम बढ़ाता है, उसी तरह मेरे मन में भी यह सद्विचार जगा और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

इतने में पत्नी दो गिलास में चाय लेकर दरवाज़े पर पहुँची और दोनों के सामने रख दी। चाय देखकर पत्नी से कहा- "अतिथि दिन में तो सुखपूर्वक भोजन कर लेते हैं, मगर रात में ऐसा नहीं होता।"

रामदास भी सुन रहे थे, पर कुछ बोले नहीं। चुपचाप चाय का गिलास उठाकर पीने लगे। उनके स्नेह को देखकर मेरे मन का स्नेह भी उमड़ पड़ा। सहसा

मन में आया कि दुनिया में हर कोई चाहता है कि दूसरों से उसे प्रेम मिलता रहे। मगर दूसरों का प्रेम पाने के लिए खुद भी तो दुनिया, यानी लोगों से प्रेम करना होगा।

अचानक विचार उठा कि जिनसे ज्ञान मिल रहा हो, उनके प्रति अगर आदरपूर्ण श्रद्धा न रखी जाए, तो यह कहीं से भी उचित नहीं होगा। आदर के भाव से कहा- "बाबा, आपके जैसे आत्मज्ञानी व्यक्ति का द्वार पर आना भाग्य की बात है।"

मेरी बात सुनकर रामदास ने शब्दों में कुछ नहीं कहा, केवल हृदय की खुशी से मुस्कुरा दिए। उनके अंग-अंग से जैसे प्रेम झलक रहा था। मैंने कहा- "बाबा, उम्र में भले आप बहुत बड़े न हों, पर बोध में आप अत्यंत गहरे हैं, इसलिए..."

रामदास बोले- "बोलिए-बोलिए।"

मैंने कहा- "बाबा, शरीर, मन और आत्मा के विषय में आपके मुख से अमृत वचन सुनकर मन को तृप्त करना चाहता हूँ।"

रामदास ने कहा- "मन, आत्मा का समत्व रूप शरीर है। मन में विचार चलते हैं, भावनाएँ चलती हैं। इच्छाओं का मूल भी मन है। किसी वस्तु को देखने से इच्छा का जन्म मन में होता है। जैसे कुछ देखने से इच्छा उत्पन्न होती है, वैसे ही उसे प्राप्त करने की आकांक्षा भी मन में होती है।"

रामदास के विचार सुनकर मेरा मन उनके विवेचन से आगे बढ़कर अपने अनुभव-क्षेत्र तक पहुँच गया, तो अनायास मुँह से निकला- "हाँ, ऐसा तो होता ही है।"

मेरे विचार को सुनकर या शायद अपने विचार की शृंखला को आगे बढ़ाने के भाव से रामदास बोले- "शरीर के भीतर जो बोध शक्ति है, वही आत्मा है।"

आत्मा के इस रूप को मैं स्पष्ट रूप से नहीं समझ सका, इसलिए मेरे चेहरे का भाव कुछ उदास-सा हो गया। मन के भीतर विचार घूम रहे थे, पर होंठों से कोई शब्द नहीं निकल रहा था। यह रामदास की नज़र से बचा नहीं। परखते हुए वे बोले- "आत्मा और शरीर के बीच ठीक वैसा ही गहरा संबंध है, जैसा सूर्य और

प्रकाश के बीच होता है।”

मैंने कहा- “ज़रा, ठीक से...”

अधूरी बात सुनने के बाद भी रामदास जैसे पूरी तरह समझ गए और बोले- “जैसे सूर्य के प्रकाश का एक केंद्र होता है, जहाँ से प्रकाश फैलता है और उसी प्रकाश में हम सब कुछ देख पाते हैं, वैसे ही चेतन रूप में आत्मा की भी एक गुफा होती है। उसे जानना ही आत्मा को जानना है।”

अब तक के जीवन में आत्मतत्त्व की व्याख्या अनेक लोगों के मुख से, अनेक रूपों में सुनता आया था, इसलिए मन धीरे-धीरे ही यह समझ पा रहा था कि आत्मा क्या है और शरीर में वह कहाँ निवास करती है। कभी लगता कि जैसे हाथ-पाँव, मुँह-कान आदि शरीर के अंग हैं, वैसे ही आत्मा भी कोई अंग है। परंतु अगले ही दिन मन में यह विचार उठ जाता कि आत्मा कोई अंग नहीं, बल्कि वह है जो शरीर को संचालित करती है। फिर मन कहता कि आत्मा प्राणशक्ति भी नहीं है, क्योंकि प्राणशक्ति तो सभी शरीरों में होती है, मगर आत्मशक्ति हर जगह दिखाई नहीं देती।

यही तरह-तरह के अज्ञान और आभास के बीच विचार चलता रहा। तभी मन में आया कि रामदास से आग्रह करूँ कि वे कुछ दिन यहाँ रहकर मेरे मन की मैल धो दें। मैंने कहा,

“बाबा, कुछ दिन यहां रुक जाइए।” ❑

अठहत्तरवाँ स्वतंत्रता दिवस

जिस तरह अपने जन्मदिन की तारीख का कोई ठिकाना नहीं रहा, उसी तरह देश के स्वतंत्रता दिवस के तारीख का भी ठिकाना नहीं रहा। ठिकाना होता भी कैसे? जैसे वर्ष, माह, दिन और दिन के क्षण-क्षण, पल-पल की अपनी गति होती है, वैसे ही जीवन की भी अपनी गति है। उसी गति में मनुष्य गतिशील होकर आगे-पीछे की बातों को भूलता और याद करता हुआ यात्रा करता है। जीवन की यात्रा छोटी नहीं है, इसलिए बीच में बहुत कुछ भूल जाना स्वाभाविक है। मेरे साथ भी यही हुआ, भूल गया। यह कहना कि ऐसे केवल मैंने ही भुलाया, यह भी सही नहीं है। सब लोग भूलते हैं। अगर वे नहीं भूलते तो गाँव-समाज, आस-पड़ोस में जो हम देखते हैं, उसमें अस्सी वर्ष के कुछ लोग ही जीवित रहते हैं, बांकि लोग तो उससे पहले ही मृत्यु के रास्ते पकड़ लेते हैं।

अब आप ही बताइए, जब यह जानते और देखते हुए भी कि मृत्यु निश्चित है, तो लोग धन-संपत्ति के संचय में जी-जान से क्यों लगे रहते हैं? क्या वे मृत्यु को नहीं भूलते? या फिर वह; यह नहीं समझते कि मृत्यु अनिवार्य है, जिसने जन्म लिया है वह मरेगा ही! रेलगाड़ी हो या कोई और सवारी का चालक, वह अपने पड़ाव की सीमा से पहले ही गाड़ी की गति को तोड़ने लगता है, पर मनुष्य अपने पड़ाव की सीमा को भूलकर, चाहे यह जान-बूझकर हो या अनजाने में, अपनी गति कहाँ तोड़ पाता है? उल्टे, वह और अधिक गतिशील हो जाता है। अगर ऐसा न होता तो वह अपने संचय की गति को धीमा करता। यह अलग बात है कि इस बीच अनेकों जानलेवा बीमारियाँ भी हैं जो उम्र की परवाह किए बिना अचानक आकर जीवन को मृत्यु में बदल देती हैं।

इसके साथ ही यह भी तो सच है कि जीवन, जीवन ही है, जैसे कच्ची मिट्टी के बर्तन, या रूई के महीन रेशे की तरह, कब टूट-फूट जाएगा, कब बिखर जाएगा, इसका भी कोई ठिकाना नहीं है।

चौदह अगस्त की शाम पौने सात बजे रेडियो खोला तो बिजली नहीं थी, यानी बिजली की लाइन कटी हुई थी, इसलिए रेडियो साफ आवाज में बज रहा था। रेडियो पर सुना कि आज संध्या सात बजे से आदरणीया महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का देश के नाम अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संदेश प्रसारित होगा। उस समय, यानी सात बजे से पहले, राष्ट्रगान "जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता..." चल रहा था।

राष्ट्रगान सुनकर मन जैसे प्रसन्न हो रहा था, वैसे ही विचार भी आंदोलित होने लगे, मानो आज़ादी के आंदोलन का इतिहास किसी चलचित्र की रील की तरह मन में घूमने लगा हो। राष्ट्रगान समाप्त हुआ। नज़र घड़ी पर डाली तो देखा कि घंटे की सुई सात पर पहुँच चुकी है। सात बजते ही मन को प्रशांत महासागर के जल की तरह स्थिर किया। बिना कुछ सुने ही भीतर एक लहर उठी कि अब माननीय राष्ट्रपति का संदेश सुनेंगे। मन को शांत कर कानों को सजग किया। हाय रे किस्मत! इतने में बिजली आ गई और रेडियो में घनघनाहट व भनभनाहट शुरू हो गई। रेडियो इस तरह घरघराने लगा कि कोई बात साफ-साफ सुनाई ही न दे।

राष्ट्रपति का भाषण जारी था, पर कुछ समझ में नहीं आ रहा था। फिर भी मन में यह विश्वास बना रहा कि यह बिहार की बिजली है, जो आती-जाती रहती है, इसलिए अगर पूरी बात न भी सुन पाएँ, तो भी कुछ अंश तो मिल ही जाएगा। इसलिए न रेडियो बंद किया, न ध्यान कहीं और भटकने दिया। उम्मीद थी कि सोलह आने न सही, तो बारह-चौदह आने का संदेश तो सुन ही लेंगे। वह भी अठहत्तर वर्षों की आज़ादी का संदेश, जिज्ञासा स्वाभाविक रूप से बढ़ती जा रही थी। संयोग से या कुसंयोग से कहें , बिजली ने अपना सोलह आना कर्तव्य निभाया, और रेडियो की घरघराहट अंत तक वैसी ही रही, जैसी शुरुआत में थी। देश के नाम संदेश समाप्त हो गया, पर सुना कुछ भी नहीं।

राष्ट्रपति का भाषण भले न सुन सका, पर अपना जन्मदिन जो भूल गया था, 5 जुलाई 1947, वह याद आ गया। इससे अचानक मन में खुशी भर आई। देश की स्वतंत्रता से ठीक एक माह दस दिन पहले मेरा जन्म हुआ था। जन्म तो गुलाम देश में, अंग्रेज़ी शासन के बीच हुआ, पर पालन-पोषण स्वतंत्र देश में, अंग्रेज़ी हुकूमत के जाते हुए दिनों में हुआ। मन और भी प्रसन्न हो गया। लेकिन जैसे ही अठहत्तर वर्षों के अपने जीवन की ओर दृष्टि डाली, मन ने स्वयं को उलाहना दिया कि इतनी लंबी उम्र बीत गई और किया कुछ नहीं। तभी एक कविता याद आई- “गई उमरिया बित फुसिए मायामे दाग लगल बड़ कारी कंचन कायामे।”

वैसे, जीवन का दाग कुकर्म से लगता है, वह तो मैंने कभी किया ही नहीं, फिर दाग क्यों लगता? पर इतना तो दाग कहा जा सकता है कि इतनी लंबी उम्र व्यर्थ ही बीत गई। अचानक मन में यह ग्लानि भी जागी कि जिस देश का अन्न-पानी अठहत्तर वर्ष खाया-पिया, उसके लिए; उसके बदले में कुछ किया ही नहीं।

जैसे गीत में कहा गया है- “जीवन नया मिलेगा, अंतिम चिता में जलकर”, वैसे ही मेरे मन में यह विचार आया कि जो समय बीत गया, वह तो बीत गया। चाहे जितना भी पछताऊँ, वह लौटकर नहीं आएगा, लेकिन इतना तो संभव है कि जो जीवन शेष है, उसमें कुछ किया जा सके। यह भी तो निश्चित नहीं है कि छह महीने या एक वर्ष में ही मृत्यु हो जाएगी। कई बार देखा है कि लोग सौ-सवा सौ वर्ष तक जीवित रहकर इसी धरती पर खड़े रहते हैं। यदि मेरे साथ भी ऐसा हुआ, तो देश-सेवा के लिए कुछ समय अवश्य मिल जाएगा। मन में शांति आई।

शांति तो आ गई, लेकिन क्या करना है, यह समझ में नहीं आ रहा था। न तो चिकित्सा का ज्ञान है कि समाज में लोगों की बीमारियों का उपचार कर सकूँ, न इंजीनियरिंग आती है कि मशीन बना सकूँ या उसे चला ही सकूँ। अनदेखे रास्ते के किनारे पहुँचकर जैसे कोई व्यक्ति थककर रुक जाता है, वैसे ही मेरा मन भी थककर ठहर गया। थके हुए मन में विचार आया कि जो थोड़ी-बहुत समझ-बुद्धि अपने पास है, क्यों न उसीका पूरी शक्ति से उपयोग करूँ। मन मान गया कि वही करूँगा। जिससे जो सेवा हो सकेगी, उसे ही अपनी सेवा मानूँगा।

रात के आठ बज गए। मन ही मन ठाना कि साहित्य से जुड़ा हूँ, तो स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक कहानी लिखकर देशभक्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करूँ और आज़ादी की लड़ाई को स्मरण करूँ। मन ने सहमति दी। जब स्मरण करने बैठा तो यह याद ही नहीं आ रहा था कि लड़ाई की शुरुआत कब हुई थी। हमारे देश का यह भी दुर्भाग्य रहा कि वह हज़ारों वर्षों तक गुलाम रहा, अर्थात विदेशी आते-जाते रहे और लंबे समय तक यहाँ शासन करते रहे। इतिहास पढ़ा नहीं था, इसलिए मन उलझ गया। उलझने का एक दूसरा कारण यह भी था कि आज का जो देश है, यानी आज का भारत, उसकी जो सूरत अब है, ऐसी सूरत पहले कभी नहीं थी। तब छोटे-छोटे सैकड़ों राजा-महाराजा थे, जिनकी अपनी-अपनी शासन पद्धति और प्रशासन व्यवस्था थी।

मन ही मन कई विचारों को सूत्रबद्ध करने की कोशिश की, पर सफलता नहीं मिली। हार मानकर अपने ध्यान को अंग्रेज़ी शासन पर केंद्रित किया, पर वहाँ भी अनेक लड़ाइयों का सिलसिला सामने आया। अंग्रेज़ों को लोगों ने यूं ही शासक नहीं मान लिया था। यह अलग बात है कि वे व्यापारी बनकर आए और अपनी शक्ति के बल पर देश का शासन अपने हाथों में ले लिया। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक और दक्षिण से पूरब-पश्चिम तक, यानी पूरे भारत में, अनेक राजा-महाराजाओं से लड़ाइयाँ भी हुईं।

देश की लड़ाई का यह विराट रूप देखकर मन भारी हो गया। किसी ठोस विचार को स्थापित करने की कोशिश करता, तो वह ठोस होने के बजाय और उलझता जाता। जितना स्पष्ट करता, उतना ही धुंधला होता गया।

आख़िर में सोचा कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी। कांग्रेस तक आते-आते मन अस्थिर हो गया। अस्थिर होते ही यह प्रश्न उठा कि कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी। याद आया कि गाँधीजी नस्लभेदी आंदोलन के बाद अफ्रीका से लौटे थे। 1885 ईस्वी में कांग्रेस नामक संगठन की स्थापना एक अंग्रेज़, एलेन ऑक्टेवियन ह्यूम, ने की थी। हालाँकि जिस रूप में बाद में कांग्रेस के क्रियाकलाप हुए, उस रूप में उन्हें पूरी तरह ए.ओ. ह्यूम की रचना नहीं कहा जा सकता। 1952 ईस्वी में आज की भारतीय जनता पार्टी, जो पहले जनसंघ के नाम से जानी जाती थी, अस्तित्व में

आई।

अचानक मन में विश्वास हुआ कि अब जब क्रमबद्ध सूत्र मिलने लगा है, तो कहानी लिखने में कठिनाई नहीं होगी। कहानी के क्रम मन में आते ही विचार आया कि आंदोलन के दौरान कितने ही देशभक्त शहीद हुए, कितनों को काला पानी की सज़ा मिली। जेल जाने वालों की गिनती का तो कोई ठिकाना ही नहीं था। साथ ही, कितने गाँव-गाँव में आग लगाई गई; अनगिनत परिवार उजड़ गए, इसका भी कोई हिसाब नहीं। अचानक मन भारी हो उठा कि भगत सिंह की फाँसी के बाद कितने देशभक्त फाँसी पर चढ़े और कितनों ने अन्य रूपों में अपने प्राण न्योछावर किए?

विचारों में फिर उलझन आने लगी। जो मन कहानी लिखने के लिए तैयार हो गया था, वह फिर से उलझनों में फँस गया।

ओझल मन से भला कहानी कैसे लिखी जा सकती है? इसी उधेड़बुन में था कि पोती, जो अभी आठ साल की है आकर बोली- “बाबा, रोटी बन गई है, खाने चलिए।”

बचपन की सहज समझ रखने वाले बच्चे को कैसे कहता कि बिटिया, अभी कुछ लिखने का सोच रहा हूँ, इसलिए अभी नहीं खा पाऊँगा। चुप ही रहा। रीता ने फिर दोहराया- “रोटी ठंडी हो जाएगी तो खाने में दिक्कत होगी न।”

रीता समझ रही थी कि बाबाजी के दाँत टूट गए हैं, इसलिए रोटी चबाने में दिक्कत होगी। इसी बीच ठकुरवारी में, यानी गाँव के राधा-कृष्ण मंदिर में, घंटियाँ बजने लगी। रोज शाम को नौ बजे ये घंटियां बजती हैं। इसी के साथ कहानी लिखने का विचार मन से हटाकर खाने के लिए उठ गया।

खाकर लौटकर बिस्तर पर लेटा तो नींद आने लगी, इसलिए कहानी लिखना छोड़कर सो गया। मन में कहानी लिखने का विचार बना तो रहा, पर लिखा नहीं जा सका।

सुबह पाँच बजे नींद तब खुली, जब गाँव के स्कूल के बच्चे स्वतंत्रता दिवस के नारे लगाते हुए सड़क पर जा रहे थे। एक तो नारों की आवाज़, दूसरे सोते समय के अपने विचार, दोनों एक साथ मन में जाग उठे। बच्चे ज़ोर-ज़ोर से

कह रहे थे- "देश की स्वतंत्रता अमर रहे"- "जीना है तो लड़ना सीखो, कदम-कदम पर मरना सीखो।"

नारों की गूँज से मेरा मन भी उद्वेलित हो उठा। बिस्तर पर लेटे-लेटे सोचने लगा कि पहले कहानी लिखूँ, फिर कुछ और करूँगा। बिना अपना नित्यकर्म किए कागज़-कलम निकालकर कहानी लिखने बैठ गया। उधर सड़क से आवाज़ आ रही थी- "गाँधी बाबा अमर रहें"- "वीर भगत सिंह अमर रहें, चंद्रशेखर, सुभाष अमर रहें।" आगे कागज़-कलम रखा था, लेकिन सड़क से आ रही नारों ने मन को इस तरह उद्वेलित और झकझोर दिया कि यह समझ ही नहीं आ रहा था कि कहानी की शुरुआत कहाँ से करूँ। धीरे-धीरे जुलूस के नारे दूर होते गए और अपने कहानी के विचार मन में आने लगे। सोचते-सोचते बात यहाँ आकर अटक गई कि देश बहुत बड़ा है और लगभग चालीस-पैंतालीस वर्षों का आंदोलन भी लंबा कालखंड रहा है, जिसमें हज़ारों देशभक्त शहीद हुए। हज़ारों को काला पानी की सज़ा मिली, लाखों जेल गए और गाँव-गाँव में आगज़नी हुई, जिससे लाखों लोग बेघर हुए। इतने बड़े परिदृश्य को एक ही कहानी में कैसे समेटा जा सकता है? मन में उधेड़बुन शुरू हो गई। अंत में विचार आया कि 1942 ईस्वी में अपने गाँव और आसपास के गाँव के देशभक्तों ने झंझारपुर सर्कल में अंग्रेज़ी शासन को समाप्त करने का जो बीड़ा उठाया था, उसी प्रसंग तक सीमित रहना उचित होगा।

1939 ईस्वी के बाद अंग्रेज़ी शासन के विरोध में तूफानी आंदोलन शुरू हो गया। जन-जन के मन में देशभक्ति की भावना जाग उठी। लोगों का व्यक्तिगत सोच उठकर देश-सेवा में विलीन हो गया। अपने इलाके के गाँव-गाँव के लोग अंग्रेज़ी शासन को तोड़ने के मार्ग में कटने-मरने को तैयार हो गए। झंझारपुर स्टेशन पर राज दरभंगा का सर्कल कार्यालय था, जो गोरा पलटन (अंग्रेज़ी फ़ोर्स) का केंद्र था। इलाके के आंदोलनकारियों ने समय निर्धारित किया। निर्धारित समय पर गाँव-गाँव से जुलूस निकले। एक तो सामान्य परिस्थितियों में भी व्यक्तिगत उत्साह प्रबल होता है, जिसमें लोग हँसते हुए अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं, और ऊपर से इलाके के लोगों का जोश पहले ही चरम पर था। गाँव-गाँव से लोग हाथ में लाठी लिए, अंग्रेज़ी शासन के विरोध

में नारे लगाते हुए झंझारपुर पहुँचे और सर्कल कार्यालय को चारों ओर से घेर लिया। अचानक अंग्रेज़ी फ़ोर्स घबरा गई, क्योंकि विशाल जुलूस के सामने मुट्ठीभर फ़ोर्स को अपनी स्थिति नगण्य लग रही थी।

जुलूस में लाठी भाँजने से लेकर अनगिनत गालियों और हुंकारों की आवाज़ें लगातार तेज़ होती जा रही थीं। अंत में सैन्य कमांडर ने फ़ोर्स को गोली चलाने का आदेश दे दिया। अनियंत्रित गोलीबारी शुरू हो गई। सैकड़ों आंदोलनकारियों को छर्रे और गोलियाँ लगीं। दीप गाँव के पुरन मंडल और पंचानन झा ने वहीं दम तोड़ दिया और शहीद हो गए। गोलियाँ लगने वाले और बिना गोली लगे आंदोलनकारी भी मैदान छोड़कर घरों की ओर लौटने लगे।

कुछ ही समय बाद अन्य कैंपों, यानी अलग-अलग स्थानों के सैन्य शिविरों से फोर्स आने लगी। गाँव-गाँव में सेना फैल गई। दीप गाँव में आग लगा दी गई। घर-घर की संपत्ति लूट ली गई। गाँव के स्त्री-पुरुष अपने-अपने मवेशियों, यानी गाय-भैंसों के साथ जो भी साथ ले जाने योग्य सामान था, लेकर दूसरे गाँव जाकर अपने परिचितों के यहाँ शरण लेने लगे।

नरसिंह मंडल को भी बाँह में गोली लगी थी। गोली बाँह में ऐसी लगी थी कि बाँह का मांस लटक गया था। रक्तस्राव लगातार हो रहा था, जिसे उन्होंने गमछे से बाँधकर रोकने की कोशिश की और बेरमा में अपनी ममेरी बहन के घर आ पहुँचे। जिस तरह दीप गाँव में सेना की गश्त चल रही थी, उसी तरह बेरमा में भी गश्त हो रही थी, लेकिन दीप की तुलना में यहाँ गश्त थोड़ी ढीली थी। गाँव के सुनार नहरनी ने नरसिंह मंडल की बाँह से गोली निकाली। दवा सब चलने के बाद वे ठीक हो गए।

14 अगस्त 1947 ईस्वी की रात बारह बजे, दिल्ली के लाल किले से मनोनीत प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश की स्वतंत्रता का पहला संबोधन दिया, जिसका आज अठहत्तरवाँ दिवस है। ❑

पूर्ण-अपूर्ण

☰

पूर्णता और अपूर्णता के बीच ही जीवन और संसार चल रहा है। आदि काल से यह धारणा बनी हुई है कि मनुष्य का जीवन अपूर्ण है और वह पूर्णता प्राप्त करने के लिए निरंतर अग्रसर रहता है। वैसे भी, संसार और जीवन निरंतर परिष्कृत होते रहे हैं और होते चले आ रहे हैं।

एम.ए. की परीक्षा देकर लौटे रंजीत गाँव पहुँचकर अपने जीवन के बारे में अकेले दरवाज़े पर बैठकर सोचने लगा कि आज का जो परिवेश बन गया है, वह पूरी तरह नौकरी केंद्रित हो गया है। अधिकतर पढ़े–लिखे नौजवान नौकरी करना चाहते हैं। कारण यह है कि समय के अनुरूप नौकरी में अच्छा वेतन मिल रहा है, जिससे परिवार का भरण–पोषण सुचारु रूप से हो रहा है और श्रम की बचत भी हो रही है। पर वह यह नहीं समझ पा रहे हैं कि जैसे ही मनुष्य श्रम से विमुख होगा, उसका प्रवाह उपभोग की दिशा में बढ़ जाएगा।

रंजीत विज्ञान का विद्यार्थी है, इसलिए जीवन के दर्शन से अधिक पदार्थ के दर्शन का उसे बोध है। पर रहता तो वह परिवार और समाज में ही है, जहाँ पारिवारिक और सामाजिक दृश्य सामने आते ही रहते हैं। वह देख रहा है कि दिन–प्रतिदिन जैसे परिवार वैसे ही समाज भी समय के साथ नहीं चल पा रहे हैं। पिछड़ते जा रहे हैं। यह स्थिति भले ही हर परिवार में न हो, लेकिन अधिकांश में तो होते ही जा रही है।

सदैव ही मनुष्य की यह धारणा रही है कि शांति से स्वयं भी रहे और माता–पिता की सेवा इस तरह करे कि उन्हें यह महसूस न हो कि परिवार में कोई

विघ्न–बाधा आ रही है। सब जानते हैं कि जवानी बीतने के बाद, यानी बुढ़ापा आते ही, अनेक प्रकार के रोग–व्याधियाँ जीवन में प्रवेश कर आती हैं। यह अलग बात है कि संसार में सबके साथ ऐसा न हो, लेकिन अधिकांश लोग ऐसे होते हैं जिन्हें रोग–व्याधियाँ घेर लेती हैं।

जैसे–जैसे मनुष्य की उम्र बढ़ती जाती है, वैसे–वैसे उसके शरीर के अंग भी शिथिल होने लगते हैं, और परिणामस्वरूप रोग–व्याधियों का आक्रमण बढ़ता ही जाता है। रोग भी कोई एक ही प्रकार का नहीं होता। कुछ रोग शरीर के भीतर स्वयं उत्पन्न हो जाते हैं, और अधिकांश रोग ऐसे होते हैं जो बाहरी कारणों से आते हैं। बाहरी से आशय है जीवन–शैली से उपजे रोग—खान–पान, रहन–सहन—और साथ ही दुर्घटनाओं या अन्य बाहरी घटनाओं से उत्पन्न व्याधियाँ। इन सबके कारण परिवार भी आक्रांत हो उठता है। ऐसी स्थिति में बेटा–बेटी पर जिम्मेदारियाँ और भी बढ़ जाती हैं।

पहले ही जहाँ वे अगली पीढ़ी, यानी अपने बच्चों के पालन–पोषण—उनकी पढ़ाई–लिखाई, वस्त्र, भोजन आदि की पूर्ति में हलकान रहते हैं, वहीं पिछली पीढ़ी—माता–पिता या दादा–दादी यदि जीवित हों—तो उनकी सेवा करना भी कठिन हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में परिवार का उत्तरदायी व्यक्ति विवश हो ही जाता है।

रंजीत के मन में जीवन के अनेक प्रश्न उठने लगे। उसे लगने लगा कि आने वाले जीवन में वह शांति पाने का कोई सीधा रास्ता देख ही नहीं पा रहा है। अचानक उसके मन में विचार उठा कि इतने विशाल संसार में, जहाँ उसके जैसे अरबों लोग रहते हैं और जहाँ अरबों प्रकार के मन और विवेक हैं, वहाँ अनगिनत जीवन–दृष्टियाँ और अनुभव भी हैं। ऐसे में क्यों न यह समझने की कोशिश की जाए कि जब मैं स्वयं समाधान का मार्ग नहीं पा रहा हूँ तो दूसरों से पूछकर समझूँ कि मनुष्य शांति से कैसे जी सकता है।

जब रंजीत ने अपनी दृष्टि खुद से बाहर की ओर फेरी तो उसे तुरंत यह भी समझ आया कि समाज में अधिकांश लोग तो उससे भी कम पढ़े–लिखे हैं। उनसे पूछकर जीवन की दिशा कैसे मिल सकती है? तब उसे लगा कि यह अधिक

उपयोगी होगा कि वह उन व्यक्तियों से पूछे जिनके पास जीवन का अनुभव उससे कहीं अधिक है।

अपने मन के विचारों को विराम देते हुए जब रंजीत ने समाज की ओर दृष्टि डाली, तो उसकी नज़र ऐसे अनेक लोगों पर पड़ी जिनके पास उससे अधिक जीवनानुभव था और जो उससे उम्र में भी बड़े थे। तुरंत ही मन में यह प्रश्न भी उठ आया कि यदि सबके विचार एक से नहीं हों, तो किसे अच्छा मानूँ और किसे खराब? क्योंकि इस जटिल दुनिया में रास्ते अनगिनत हैं और उन पर चलने वाले लोग भी असंख्य।

लोगों के विचारों में भी फर्क है। जो बात किसी को अच्छी लगती है, वही किसी दूसरे को बुरीप्रतीत होती है और वह उससे परहेज़ करता है। जैसे—कोई व्यक्ति मछली खाने को खराबमानकर उससे बचता है, तो कोई मछली को अच्छा मानकर उसे खाता है। ऐसी स्थिति में अच्छा–बुरा कैसे तय हो?

फिर रंजीत के मन में उठने लगा कि ठीक होगा यदि वह एक नहीं, बल्कि अनेक लोगों के बीच अपने विचार रखें और उनकी बातों का मंथन–खण्डन करता हुआ अपनी राह स्वयं निर्धारित करे। अनायास ही उसके मन में यह विचार भी आया कि जैसे समाज में हम देखते हैं कि जिनका जीवन समाप्त हो गया, वे मर चुके हैं, पर उनके जीवन–दृष्टिकोण तो रहे ही होंगे। वे अब भले ही न हों, लेकिन उनके जीवन के क्रियाकलाप तो जीवित हैं, जिससे जीवन का अनुभव लिया जा सकता है।

इस बिंदु पर आकर रंजीत ने सोचा कि उचित होगा कि वह अपने से अधिक उम्र और अनुभव वाले लोगों के सामने अपने प्रश्न रखकर उनका उत्तर समझने की कोशिश करे। यह सोचकर वह दरवाज़े से उठकर शोभित बाबा के पास चल पड़ा।

शोभित बाबा जीवन की चौथी अवस्था में पहुँच चुके थे, लेकिन आज भी वे शरीर से जितने स्वस्थ हैं, उतने ही विचार से भी। परिवार बड़ा था, क्योंकि उनके दो बेटे थे, जिन्हें पढ़ा-लिखाकर उन्होंने हाई स्कूल का शिक्षक बना दिया था। दोनों बेटे—कुंजबिहारी और रघुनाथ—अब भी हाई स्कूल में कार्यरत थे।

कुंजबिहारी के तीन बेटे और तीन बेटियाँ थीं, जबकि रघुनाथ के तीन बेटे और दो बेटियाँ। इस प्रकार शोभित बाबा का परिवार काफी बड़ा हो गया था।

परिवार बड़ा होने पर भी शोभित बाबा परिवार की चिंताओं से मुक्त थे। उनके अपने जीवनानुकूल कार्य थे, जिस कार्य में वे दिन-रात लगे रहते और शांति से जीवन जीते।

जब रंजीत शोभित बाबा के दरवाज़े पर पहुँचा, तो प्रणाम करके बोला- "बाबा, आपसे कुछ समझने आया हूँ।"

समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं और पहले से भी होते आए हैं, जो अपनी योग्यता को छिपाकर यह जताते हैं कि उन्हें किसी बात का ज्ञान नहीं। शोभित बाबा ने भी वैसे ही रंजीत से कहा- "बेटा, हम भला कौन-सी बुद्धि और अक़्ल रखते हैं जो तुझे समझाएँगे। लेकिन जब दरवाज़े तक आ ही गए हो, तो तेरी बात न सुनना भी ठीक नहीं होगा। कहो।"

रंजीत ने कहा- "बाबा, पिछले महीने कॉलेज से एम.एस-सी. की परीक्षा देकर निकला हूँ। अभी परिणाम आना बाकी है। दरवाज़े पर बैठकर जब दुनिया की ओर देखा, तो लगा कि यह दुनिया इतनी उलझी हुई है कि इसे समझकर जीवन जी पाना बहुत कठिन है।"

रंजीत की बात सुनकर शोभित बाबा समझ गए कि ऐसा सोचने वाला केवल रंजीत ही नहीं है, बल्कि समाज के अधिकांश लोग इसी उलझन में फँसे हुए हैं कि दुनिया के चक्रव्यूह को कैसे समझा जाए। जैसे महाभारत के युद्ध में सब लड़ने को तैयार थे, पर चक्रव्यूह को समझने वाले कितने ही लोग थे। वैसे ही आज भी है। खैर! शोभित बाबा बोले- "बेटा रंजीत, दुनिया पूर्ण है। अर्थात, यह संसार पूर्णता से भरा हुआ है, लेकिन मनुष्य अपूर्ण है। हाँ, यदि बारीकी से देखो तो मनुष्य के भीतर जो आत्मा है, वह भी पूर्ण है। पर यह केवल उसी को अनुभव होता है, जिसके पास आत्मबोध, आत्मपरिचय होता है।"

शोभित बाबा की यह बात सुनकर रंजीत वैसे ही उलझ गया जैसे कोई अमती काँटों की झाड़ी में फँस जाए। मतलब जब काँटे कपड़े या शरीर में उलझ जाता है, तो कांटे का एक हिस्सा छुड़ाते ही दूसरा हिस्सा और कसकर उसे पकड़

लेता है। ठीक वही स्थिति रंजीत की हो गई। न तो वह शरीर और आत्मा के भेद को समझ पा रहा था, न ही दुनिया और मनुष्य के भेद को।

हताश होकर रंजीत बोला- "बाबा, ज़रा और स्पष्ट करके बता देते...!अच्छी तरह से समझ नहीं पा रहा हूँ।"

रंजीत की यह बात सुनकर शोभित बाबा के मन में भी आ गया कि ऐसा रंजीत ही नहीं, बल्कि समाज के अधिकांश लोग इस भेद को नहीं समझ पाते। तब शोभित बाबा ने कहा- "बेटा रंजीत, जब हम या तुम या कोई और, पूजा करने जाते हैं तो देवस्थान पर, यानी पूजा के स्थल पर, भगवान से माँगते तो हैं ही न—'हे भगवान, हमें अमुक वस्तु दो। अमुक कारण से हम कष्ट में हैं।'"

शोभित बाबा की व्यावहारिक बात सुनकर रंजीत बोला- "हाँ, यह तो मैं ही क्यों, सबको भगवान से माँगते देखता हूँ।"

बात तो उसने सहज ही कह दी, पर जब मन ही मन सोचने लगा तो भीतर की गहराई को पूरी तरह समझ नहीं पाया। विचार उसके मन में गुनगुनाते रहें।

इसी बीच शोभित बाबा ने उसकी उलझन सुलझाते हुए कहा- "बेटा, जब हम देवालय में जाकर हाथ जोड़कर भगवान से माँगते हैं, तो वे देंगे या नहीं देंगे, यह अलग बात है। पर मन में इतना संतोष तो हो ही जाता है कि हमने भगवान से माँगा है, तो वे अवश्य देंगे।"

शोभित बाबा की यह बात सुनकर रंजीत बोला- "हाँ, संतोष तो सबको हो ही जाता है।"

विचार को आगे बढ़ाते हुए शोभित बाबा बोले- "जिस संसार में हम सब रहते हैं, वह संसार हर चीज़ से भरा हुआ है। उदाहरण के लिए, ऑक्सीजन को ही लो। ऑक्सीजन से संसार भरा पड़ा है और उसी से क्षण-क्षण, पल-पल सृष्टि चल रही है। अब तुम ही कहो, ऑक्सीजन के अभाव में मनुष्य मरता है या नहीं? इसी तरह हज़ारों–लाखों प्रकार के फूल हैं, और फल तो हैं ही। फूल और फल ही क्यों, हज़ारों प्रकार के अन्न हैं और वे लगातार उत्पन्न भी होते रहते हैं। फिर भी लोग अन्न के अभाव में कष्ट उठाते हैं और मरते भी हैं या नहीं?"

रंजीत ध्यान से बाबा की बातें सुन रहा था और मन ही मन अपनी दृष्टि

पूरे संसार पर दौड़ा रहा था। भीतर से उसे मानना पड़ रहा था कि बाबा ठीक कह रहे हैं। फिर भी उसके मन में यह प्रश्न उठ रहा था कि जब सब कुछ पर्याप्त है, तो कमी क्यों दिखाई देती है? इसी असमंजस में डूबे रंजीत ने धीरे से कहा- "बाबा, स्पष्ट नहीं कर पा रहा हूं, तनिक और...।"

शोभित बाबा बोले- "मनुष्य का अभावग्रस्त मन ही अपूर्ण है। जो कुछ उसके पास है, उस पर ध्यान नहीं रहता और जो नहीं है, उसी पर ध्यान अटका रहता है। एक आँख या एक पैर न रहने से मनुष्य बीमार हो जाता है, पर इलाज कराने के बाद स्वस्थ होता है या नहीं?"

रंजीत बोला- "हाँ, यह तो..."

उसके अधूरे वाक्य को पकड़ते हुए शोभित बाबा आगे बोले- "मनुष्य अपने शरीर के अंगों के लिए जीवन भर की कमाई लगाने को तैयार रहता है, फिर भी उसके मन की इच्छाएँ पूरी नहीं होतीं। लेकिन आत्मा पूर्ण है, उस ओर ध्यान कोई नहीं देता। तुम भी देखते हो और मैं भी देखता हूँ कि दुनिया में जितने लोग हैं, उतने ही अलग-अलग मन हैं। अब सोचो, प्रेम करने की क्षमता भी असीम है या नहीं? ऐसे में यह अपूर्ण मन ही है जो भगवान से माँगता है, क्या नहीं?"

शोभित बाबा की बातों की धारा में रंजीत का मन वैसे ही ऊपर-नीचे डोलने लगा जैसे पानी की तेज धारा में कोई वस्तु बहते हुए हिलती-डुबकती रहती है। इसी बीच मुस्कुराते हुए शोभित बाबा ने कहा- "रंजीत, कोई भी मनुष्य बुद्धिमान बनकर इस धरती पर जन्म नहीं लेता। यहीं आकर सब सीखता है। मनुष्य के भीतर असीम बुद्धि, असीम शक्ति, असीम प्रेम—सब छिपा है, जिसे वह पहचान नहीं पाता। अंततः हर व्यक्ति को अपने शरीर की शक्ति, अपने मन की शक्ति, अपने विचारों की शक्ति का उपयोग करना ही पड़ता है। हृदय में छिपे प्रेम को उसी रूप में जगाना पड़ता है, जिससे संसार के प्रति प्रेम भाव जागृत हो सके। लेकिन,क्या ऐसा हो पा रहा है?"

रंजीत ने पूछा- "तो फिर?"

शोभित बाबा बोले- "मनुष्य का मूल 'आत्मा' है। आत्मा पूर्ण है, पर जिस

शरीर में आत्मा वास करती है, वह अपूर्ण है। इसी कारण उसमें इतनी अधिक लिप्सा है। लिप्सा ही अपूर्णता की पहचान है। जिस मनुष्य में जितनी अधिक अपूर्णता होगी, उसमें उतनी ही अधिक लिप्सा होगी।"

शोभित बाबा की बातें रंजीत वैसे नहीं समझ पा रहा था, जैसे बाबा उसे समझाना चाहते थे। इसी कारण उसके चेहरे पर उदासी का रंग गहराने लगा, जिसे शोभित बाबा बार-बार देखते और समझते रहें। मन ही मन उन्होंने सोचा—रंजीत कोई अनपढ़–अज्ञानी तो है नहीं, पढ़ा–लिखा नौजवान है। अगर ढंग से समझाया जाए तो क्यों न समझेगा, अवश्य समझेगा।

समझाने-बुझाने की कला को पकड़ते हुए शोभित बाबा बोले- "बौआ रंजीत, शारीरिक तृप्ति के लिए मनुष्य वस्तुओं की इच्छा करता है—यह वस्तु मिले तो यह सुख होगा, वह वस्तु मिले तो वह सुख होगा। लेकिन मनुष्य का सारतत्त्व मन है। यह मन ही है जो मनुष्य को पदार्थ की ओर भी खींचता है, और यही मन अपने दूसरे रूप में मनुष्य को सच्चा मनुष्य भी बनाता है। मनुष्य को मनुष्य बनाने का अर्थ है मानव को महामानव बनाना।

जब मनुष्य में भोग–लिप्सा मिटकर यश–लिप्सा जगती है, तब उसके जीवन की धारा बदल जाती है। यश से मनुष्य को भौतिक वस्तुएँ तो नहीं मिलतीं, लेकिन मन की तृप्ति और शांति मिलती है। यही जीवन की सार्थकता है, या यूँ कहो कि इससे अमृतमय जीवन प्राप्त होता है। और जब अमृतमय जीवन मिलता है, तभी अपूर्ण मनुष्य में पूर्णता आती है—यही जीवन का सार है।"

शोभित बाबा की बात सुनते ही रंजीत के चेहरे का रंग बदल गया। लालिमा से भरा चेहरा हरित–सी ताजगी में खिल उठा। मन में मुस्कान जागी और मुस्कान के मुस्कियाते रंजीत बोला- "बाबा, मन की भूख मिट गई।" शोभित बाबा ने उत्तर दिया- "बौआ, मनुष्य अपने–आप में पूर्ण है। कोई उसे पा लेता है, यानी पूर्णता को प्राप्त कर लेता है, और कोई कोशिश करता रहता है पर यह समझ भी नहीं पाता। यही संसार है।" ❑

कथाकार का दुर्दिन

☰

सुबह के आठ बज रहे थे। अपनी अधूरी कहानी प्रेम का रास्ता लेकर मैं मुनिधर काका के घर पहुँचा। काका दरवाजे पर अकेले बैठे, आँखें मूँदे कुछ सोच रहे थे। उनके पास पहुँचकर मैंने कहा- "काका, प्रणाम! मैं एक कहानी प्रेम का रास्ता लिख रहा हूँ। आधे से कुछ अधिक लिख चुका हूँ, लेकिन आगे क्या लिखूँ यह समझ नहीं पा रहा हूँ। आप इसको एक दफा देख लेते और बता देते कि आगे क्या लिखा जा सकता है।"

यह कहकर मैंने कॉपी उनके आगे बढ़ा दी। बिना कुछ कहे मुनिधर काका कॉपी उलट-पलट कर देख ही रहे थे कि उसी बीच अहिल्या चाची आँगन से आकर बोलीं- "दूधवाले का महीना पूरा हो गया। पूरे महीने का पैसा बकाया है, उसको पैसा देना होगा।"

पत्नी की बात सुनते ही मुनिधर काका का चेहरा फीका पड़ गया। वजह साफ थी, हाथ में पैसे नहीं थे जो वे दे पाते। पत्नी की ओर नजर उठाकर अपनी मजबूरी जताते हुए मुनिधर काका बोले- "अभी पैसे तो...।"

पति की बात सुनकर अहिल्या चाची कह उठीं- "जो बच्चा दूध न माँगे, क्या उसको समय पर माँ दूध नहीं पिलाती।"

अहिल्या चाची के इस इशारे को मुनिधर काका तुरंत समझ गए। दरअसल दूधवाले का महीना पूरा हो चुका था और उन्हें पैसे देने थे, लेकिन करें भी तो क्या। पास में पैसा होता तभी तो। अचानक काका का मन बेचैनी से भर उठा। उन्होंने कहा- "दूध लेना ही छोड़ दो।"

बोलने के क्रम में तो मुनिधर काका कह गए, पर भीतर ही भीतर उनके मन में उठा कि हम जैसे लोगों को, जिनकी आमदनी कम है, उन्हें दूध-दही खाने का साहस ही नहीं करना चाहिए। ऐसा भी तो नहीं ही है कि हम अकेले हैं। हमारे जैसे करोड़ों लोग इस देश में हैं जिनकी आर्थिक स्थिति ऐसी ही है कि वे पूरा भोजन भी नहीं जुटा पाते।

अनायास ही मुनिधर काका का मन अपने जीवन की ओर मुड़ा। जीवन की ओर सोचते ही उनके भीतर उठा कि बेवजह साहित्यिक कामों में, यानी कहानी, कविता और उपन्यास लिखने की धुन में दिन-रात लगे रहते हैं। अच्छा होगा कि इस काम, यानी लिखने का काम छोड़कर कोई दूसरा काम करें, जिससे जीवन में तंगी न रहे। हमेशा अभाव की चिंता में घिरे रहने से बेहतर है कि कोई और रोजगार किया जाए।

यकायक मन में आया कि रोजगार करने के लिए भी तो पूँजी की ज़रूरत पड़ेगी। वह कहाँ से आएगी? फिर मन में यह सवाल भी आया कि ऐसे काम भी तो हैं जिनमें पूँजी की ज़रूरत नहीं होती और आमदनी अच्छी हो जाती है। आमदनी का ख्याल आते ही मुनिधर काका मुस्कुराए और पत्नी से बोले- "सोच रहा हूँ कि भांग का कारोबार करूँ। अभी इसका बाजार भी अच्छा बन गया है। गाँव-समाज के जो नये तौर-तरीके वाले लोग हैं, वे दिन में एक बार नहीं, बल्कि तीन-तीन, चार-चार बार भोर से साँझ तक भांग खाते-पीते रहते हैं। सरकार की भी यही लीला है कि जितना शराबबंदी और नशा रोकने का भाषण करती है, कारोबार उसका उतना ही माने कई गुना बढ़ रहा है और नशा करने वालों की संख्या भी कई गुना बढ़ती ही जा रही है।"

अपने ही सुर में मुनिधर काका बोल रहे थे कि बीच में उनकी पत्नी अहिल्या चाची ने टोका- "भांग का जो कारोबार करोगे, तो लोग क्या कहेंगे?"

पत्नी की यह बात सुनकर मुनिधर काका ठिठक गए। इस बीच मैं भी वहीं बैठा उनकी बातचीत सुन रहा था। किसी भी ओर से, चाहे काका की तरफ से या चाची की तरफ से, बोलना उचित नहीं समझा और चुप ही रहा। मन में यह ख्याल जरूर आया कि शायद काका मजाक कर रहे हों। लेकिन पति-पत्नी के

बीच मजाक तो अकेले में होता है। यहाँ जब मैं भी मौजूद हूँ और बातचीत घर के जरूरी कामों पर है, तब मजाक करने का कोई कारण नहीं दिखता। इसलिए मैंने कुछ नहीं कहा, बस चुपचाप काका और चाची दोनों की ओर देखता रहा।

पत्नी के मुँह से "लोग क्या कहेंगे" सुनकर मुनिधर काका मन ही मन सोचने लगे कि जिस काम के पीछे, यानी साहित्यिक काम के पीछे, दिन-रात लगे रहता हूं, उससे जीवन चलाना मुश्किल है। आखिर जीवन भी तो जीवन है, और उसमें पारिवारिक जिम्मेदारी भी शामिल है। अगर अकेले का जीवन होता तो अलग बात थी, लेकिन परिवार के साथ तो परिवार का पालन-पोषण भी जिम्मेदारी बन जाता है। जिस वृत्ति में वे अभी लगे हैं, उसमें साफ दिख रहा है कि समाज में न तो साहित्य पढ़नेवाले बचे हैं, न किताब खरीदनेवाले, और न ही साहित्य का मर्म समझनेवाले। बल्कि यह हैसियत भी नहीं है कि खुद खर्च करके किताब छपवाएँ और गाँव-गाँव घूमकर बेचें। जिन प्रकाशकों से किताबें छपवाते हैं, उनसे जब रॉयल्टी माँगते हैं, तो वही कहते हैं कि किताब की बिक्री ही नहीं है जो रॉयल्टी देंगे। किताब छपने में जो पूँजी लगी, वह भी वापस नहीं आ रही है। ऐसे में वे कहाँ से देंगे।

इसी बीच संयोग से मुनिधर काका का बड़ा बेटा रामधन भी आ गया। रामधन कॉलेज में पढ़ता है। रामधन को देखते ही अहिल्या चाची ने कहा- "बेटा, तुम्हारे पिताजी भांग की दुकान करना चाहते हैं। इस पर तुम्हारा क्या विचार है?"

नवयुवक रामधन बिना कुछ सोचे-समझे पिताजी की ओर देखते हुए बोल उठा- "बाबू, आपकी अपनी इज्जत जो भी होगी, वह तो आपके कर्म का फल होगा, लेकिन हमारी इज्जत का क्या होगा, इस पर भी ध्यान दीजिए। परीक्षा का फार्म भरने का समय आ गया है, उसी की बात कहने आया था।"

पत्नी और बेटे की बात सुनकर मुनिधर काका भीतर ही भीतर खिन्न हो रहे थे। पर उनका मन उस सीमा तक पहुँच चुका था जहाँ परिवार या समाज, हर समस्या का समाधान खोजने की प्रवृत्ति बन जाती है। इसलिए पत्नी और बेटे के मुँह से जो समस्या उन्होंने सुनी, उसे वे ऐसी समस्या नहीं मान रहे थे जिसका हल न हो सके। मन ही मन उनकी आत्मा गवाही दे रही थी कि जिस समाज के

लिए उन्होंने अपना जीवन अर्पित कर दिया है, वह समाज अपने आप में पूर्ण है। हाँ, व्यक्तिगत रूप से वे अधूरे हैं, और यही अधूरापन मन को झकझोर रहा है।

मुस्कुराते हुए उन्होंने पत्नी और बेटे से कहा- "अभी जाओ, समय पर दोनों काम पूरे हो जाएँगे। परिवार है, कोई मजाक नहीं। ऐसे ही तरह-तरह की समस्याएँ दिन-रात आती रहती हैं और जब उनका समाधान हो जाता है तो वह मिट भी जाती हैं।"

जैसे ही मुनिधर काका ने पत्नी और बेटे से कहा, वैसा ही दोनों दरवाजे से विदा हो गए। परिवार के काम से निवृत्त होने के बाद मुनिधर काका मेरी ओर मुड़कर बोले- "श्याम, मुझे लगता है कि हम पहले चाय पी लें। चाय पी लेने के बाद मन हल्का होगा, तब तुमसे आगे की बातें करने में भी मन लगेगा।"

मुनिधर काका जितने कथाकार हैं, उतने ही कवि और उपन्यासकार भी हैं। उनका सबसे बड़ा गुण यह है कि वे सृजनकर्ता होने के साथ-साथ समीक्षक भी हैं। मैं चुपचाप बैठा काका के विचार सुन रहा था। उन्होंने पत्नी को ज़ोर से आवाज़ दी- "ज़रा चाय बना कर लाओ।"

अगर यह किसी एक दिन की बात होती तो अहिल्या चाची को पहचानने में देर लगती, लेकिन यहाँ तो जीवनभर का साथ रहा है, इसलिए पति की नस-नस से परिचित हैं। बिना कुछ कहे वह लोटे में पानी और गिलास लेकर दरवाज़े पर पहुँचीं, काका के सामने रख दिया और चाय बनाने आँगन में चली गईं।

इतने में मुनिधर काका ने मुझसे पूछा- "श्याम, कैसी कहानी लिख रहे हो?"

मैंने उत्तर दिया- "काका, लिखने से पहले विचार था कि परंपरा से चली आ रही प्रेमकथा के अनुरूप ही लिखूँ। लेकिन आगे बढ़ते-बढ़ते विचार बदल गया और मन हुआ कि कोई आध्यात्मिक कहानी लिखूँ।"

तभी अहिल्या चाची चाय लेकर पहुँचीं। चाय देखकर मुनिधर काका बोले- "पहले चाय पी लो, फिर बात करते हैं।"

हम दोनों चाय पीने लगे। चाय पीते-पीते मैं मन ही मन यह भी सोच रहा था कि पहले कहानी की भावभूमि अच्छी तरह समझ लूँ, फिर आगे लिखूँगा।

चाय पी लेने के बाद मुनिधर काका ने पूछा- “कहानी का शीर्षक क्या रखा है?”

मैंने उत्तर दिया- “कहानी का शीर्षक है प्रेम का रास्ता।”

शीर्षक सुनकर मुनिधर काका मुस्कुरा दिए, लेकिन कुछ बोले नहीं। कुछ देर बाद मनन करते हुए बोले- “श्याम, कहानी का नाम तो बहुत सुंदर रखा है।”

उनकी यह बात सुनकर मैं चुप ही रहा। मेरी चुप्पी देखकर काका आगे बोले- “श्याम, प्रेम का जो विश्व-रूप है, वह विराट है। उसी विराटता को छोटा करते हुए, यानी काट-छाँटकर, साहित्य-जगत उस सीमा तक पहुँच गया है जहाँ प्रेम का अर्थ केवल पति-पत्नी के बीच के संबंध तक सीमित कर दिया गया है।”

मुनिधर काका के मुँह से जब मैंने “प्रेम का विश्व-रूप” सुना तो अपने आप कान खड़े हो गए, पर कुछ बोला नहीं। बोलूँ भी कैसे। अनाड़ी लोग ही रंग-बिरंगे सवाल उठाते हैं, लेकिन जानकार के सामने ऐसा नहीं करना चाहिए। मैं तो मुनिधर काका को पूरी तरह जानता और पहचानता हूँ। जिस गहराई तक उनका चिंतन पहुँचता है, उतनी ही उनकी विचारशीलता भी है। वहाँ किसी नौसिखिए की तरह बेसिर-पैर की बातें करना उचित नहीं था। इसलिए चुप ही रहा।

तभी मुनिधर काका बोले- “श्याम, प्रेम अनमोल है। इसका मूल्य अथाह है। लेकिन प्रेम की जो गुफा है, यानी जहाँ प्रेम का वास है, वहाँ तक पहुँचना कठिन है। वहाँ तक पहुँचने के लिए ध्यान और साधना की जरूरत होती है। हाँ, यह भी उतना ही सच है कि जो उस गुफा तक पहुँच जाता है, यानी जहाँ प्रेम का वास है, उसकी दुनिया आनंदमय हो जाती है। उसे इस संसार में हर चीज़ आनंद ही आनंद रूप में दिखाई देने लगती है।”

मुनिधर काका का यह विचार मैं ठीक से समझ नहीं पाया। इसलिए कहा- “काका, ठीक से समझ नहीं पा रहा हूँ।”

मुस्कुराते हुए मुनिधर काका बोले- “महाभारत में यशोदा और कृष्ण की लीला तो जानते ही हो। कैसे यशोदा मैया ने कृष्ण को ओखली से बाँध दिया था। उसी तरह गोपी–कृष्ण लीला प्रेम की सर्वोच्च अवस्था है। खैर, इसे अभी यहीं रहने दो।”

मुनिधर काका की बात सुनकर मेरी साँस गहरी छूट गई। साँस छूटते ही भीतर जैसे कोई उजास फैल गया। जैसे भोर में सूरज निकलते ही अँधेरा मिट जाता है और दुनिया की हर चीज़ साफ दिखने लगती है, वैसा ही अनुभव हुआ। मैंने कहा- “काका, कहानी का विस्तार कितना ही हो सकता है। फिर भी आधे से अधिक मैंने लिख ही लिया है।”

मुनिधर काका बोले- “श्याम! प्रेम कहीं खोया नहीं है। वह आँख की पुतली में छिपा है। बस उसे सामने लाना होता है। जैसे ही वह सामने आता है और दुनिया की ओर देखने लगता है, तभी पूरी दुनिया प्रेममय होकर आँखों के सामने नाच उठती है। हाँ, लेकिन वहाँ तक पहुँचने के लिए प्रेम के रास्ते को मजबूती से पकड़ना पड़ता है।”

अनायास मेरे मुँह से हँसी निकल पड़ी। मैंने कहा- “अब चलता हूँ, काका। अगर समय मिला तो शाम को फिर आऊँगा।” ❑

मरनी

☰

छोटा-सा गाँव छतौनी। केवल तीन ही जाति के लोग यहां रहते थे। घर भी गिने-चुने, बस एक बस्ती जैसी। यह गाँव छः परिवारों के किसानों का गाँव था। हालाँकि पास-पड़ोस के लोग छतौनी को कभी प्रतिष्ठित गाँव नहीं मानते थे, क्योंकि उनके विचार से वही गाँव प्रतिष्ठित होता है जहाँ छत्तीसों जाति के लोग बसते हों, जिससे समाज की हर तरह की जरूरत गाँव में ही पूरी हो सके। पर छतौनी में ऐसा नहीं था। इसलिए वह राजस्व गाँव तो हो सकता था, पर प्रतिष्ठित गाँव नहीं।

लेकिन इस विचार को छतौनी के लोग कभी स्वीकार नहीं करते थे। उनका कहना था कि जब से यह गाँव बसा है, तब से न तो यहाँ कभी आपसी झगड़ा हुआ, न मारपीट। इसलिए न किसी ने अदालत का चेहरा देखा, न थाना-पुलिस का। इतना ही नहीं, तीन जातियों के लोग रहते हुए भी सब मिलजुलकर एक साथ खाते-पीते हैं और तीनों जातियों के देवस्थानों पर पूजा-पाठ भी साथ करते हैं और प्रसाद भी मिलकर खाते हैं। सब लोग एक-दूसरे के साथ कमाते हैं और जब कभी किसी पर कठिनाई आती है तो सब साथ मिलकर मदद भी करते हैं। आस-पास के दूसरे गाँव वाले छतौनी को इसलिए गाँव नहीं मानते थे कि वे सब बाहर से आकर बसे थे, जबकि छतौनी के लोग कहते थे कि हमारे पूर्वज तो यहां आदिकाल से बसे हैं।

छतौनीवासी शुरू से ही मजदूर नहीं थे। पहले उनके अपने-अपने खेत-पथार थे। खेत-पथार कैसे गए? इस संबंध में छतौनी के बूढ़े-बुजुर्ग बताते हैं कि

हमारे पूर्वजों ने अकाल के समय खेत का लगान दरभंगा दरबार को समय पर नहीं दिया, इसी कारण उनकी जमीन नीलाम हो गई और अबधिया तथा छपरिया ने जमीन खरीद ली। हमारी जमीन का मालिकाना हक खत्म हो गया। अबधिया और छपरिया पहले राज में नौकरी करते थे, फिर इस इलाके में आकर जमीन भी हथिया लिए और मुखिया-सरपंच बनकर राजनीति करने लगे। लेकिन एक चालाकी उन्होंने जरूर की। वे अंग्रेजों की तरह नहीं आए कि सत्ता हथियाकर चले जाएँ, बल्कि मुगलों की तरह यहाँ बस गए।

जिस दिन से देश आज़ाद हुआ और सत्ता के लिए चुनाव शुरू हुए, उसी दिन से अब तक कोई भी पार्टी का नेता वोट माँगने के लिए छतौनी नहीं आया और न ही कभी गाँववालों ने वोट डाला। कारण यह कि आज तक छतौनी में मतदान केंद्र बना ही नहीं। इसलिए नेता यहाँ क्यों आते। गाँव में न तो चारपहिया गाड़ी चलने का रास्ता है, न ही कोई सार्वजनिक जगह जैसे स्कूल या अस्पताल, जहाँ भाषण-वाषण हो सके। जिस गाँव में छतौनी का बूथ बनाया जाता, उसी गाँव के लोग छतौनियों का वोट डाल देते।

छतौनी के लोगों का जीवन सीधा-सादा है। न पढ़ाई-लिखाई का झंझट, न चोरी-चकारी की चिंता और न रोग-बीमारी का डर। उनका मानना है कि जिसके भाग्य में पढ़ना लिखा है वह खुद-ब-खुद पढ़ लेगा। चोरी-चकारी करने को है ही क्या। बीमारियों के लिए पूजा-पाठ और झाड़-फूँक है। सबसे बड़ी बात यह कि जो इस धरती पर जन्मा है, वह जीएगा ही। पानी, पत्थर, बिजली उसका कुछ भी बिगाड़ नहीं पाएँगे। और जिसका जीना तय नहीं, उसे तो फूलों के पेड़ पर बैठा साँप भी काट लेगा और वह मर जाएगा।

तो क्या छतौनी के लोगों को भगवान पर विश्वास नहीं है? विश्वास अवश्य है। यदि नहीं होता तो साल में एक बार देवस्थान पर इतनी धूमधाम से पूजा क्यों करते। उपवास क्यों रखते। हर घर में गोसाईं की पीढ़ी क्यों बनी है। और साल-दर-साल कामौर लेकर बैजनाथ क्यों जाते।

सभी अभावों के बावजूद छतौनी के लोग हँसी-खुशी जीवन बिताते हैं। यदि गाँव में किसी की मृत्यु हो जाए, साँप काट ले, या आग लग जाए, तो सभी

लोग मिलकर तन-मन-धन से लग जाते हैं।

पचास वर्ष की मरनी भी ऐसी ही घटनाओं में से एक है। जिसने अपनी आँखों से अपने पति, बेटे और बहू को पेड़ के नीचे खून से लथपथ मरते देखा। आज वह बेबस, पाँच साल के पोते और आठ साल की पोती के सहारे आशा के साथ जी रही है। काली झुर्रियों में ढँकी हड्डियों का ढाँचा, ताड़-खजूर पर बने चिड़िया के घोंसले जैसी उलझी लटें, अंगुली भर-भर की पीली दाँत, फूटी हुई मटकी की नली जैसी नाक, गाय-बैल की तरह बड़ी-बड़ी आँखें, देह पर पुरानी फटी हुई साड़ी, और कभी-कभार दूसरों की दी हुई ब्लाउज। बिना साया की आधी-फटी साड़ी ओढ़े, यही है मरनी।

चार साल पहले सुबध, मनोहर और तौनकी धान रोपने खेत गए। जब तक तौनकी को दूसरा संतान नहीं हुआ था, तब तक मरनी अपने पति और बेटे के साथ यानी सुबध और मनोहर के साथ धान रोपाई, कटाई, खेत का काम, रबी-राई उखाड़ना और काटना, सब काम में जाती थी और तौनकी आँगन का काम संभालती थी। लेकिन जब पोता-पोती हुए तब से मरनी आँगन का काम देखने लगी। आँगन में भी काम कम नहीं होता। खाना पकाना, पोता-पोती को खिलाना, खूँटे पर बंधे बछड़े की देखभाल करना, यही सब उसके हिस्से में आ गया। बाकी परिवारों की तरह मरनी का परिवार भी भरा-पूरा था।

दस आँटी धान की गठरी। तीन-तीन गठरी बीज उखाड़कर सुबध और मनोहर पटवन पर टाँगते और राड़ियों का जुन्ना बनाकर तौनकी बीज की गठरी सिर पर बाँधकर कदबा खेत पहुँचा देती। कदबा एक दिन पहले ही जुतवा लिया गया था। इसलिए तीनों को मन ही मन खुशी थी कि सुबह-सुबह रोपाई करके काम पूरा कर लेंगे। वरना बाकी दिनों में कदबे की देर से अक्सर रोपाई देर तक खिंच जाती थी। सुबध मन ही मन सोच रहा था कि मौका देखकर अपना आधा कट्ठा खेत भी मिलकर रोप देंगे।

कदबा में बीज रखकर सुबध खेत के किनारे पर बैठा और तंबाकू खाने लगा। मनोहर और तौनकी खेत में बीज फैलाने लगे। पूरा खेत बीज से पट गया और सुबध ने भी तंबाकू खा लिया। तीनों ने अपनी-अपनी गठरी खोली, धान की

जड़ें फैलाकर एक-एक बंडल हाथ में लिया। किनारे पश्चिम से तौनकी, बीच में मनोहर और पूरब से सुबध कतार में लग गए। एक पंक्ति रोपकर दूसरी में बढ़े ही थे कि पूरब दिशा में एक छोटा-सा काला बादल उठता दिखाई दिया। लेकिन टुकड़ा छोटा था, इसलिए किसी को बारिश का अंदेशा नहीं हुआ।

धीरे-धीरे हवा चलने लगी। जैसे-जैसे हवा तेज होती गई, वैसे-वैसे काले बादल का वह टुकड़ा भी ऊपर उठकर फैलता गया। ऊपर चढ़ते-चढ़ते टुकड़े आपस में मिलने लगे, लेकिन पश्चिम की ओर अभी धूप निकल रही थी। कुछ ही देर बाद सूरज ढक गया। हवा भी तेज हो गई। बिजली चमकने लगी। बूँदाबाँदी शुरू हो गई। जैसे-जैसे बादल घिरते गए वैसे-वैसे बारिश की बूँदें भी तेज होती गईं। बिजली भी लगातार चमकने लगी। थोड़ी ही देर में मूसलधार बारिश शुरू हो गई।

बारिश से भीगने के डर से तीनों लोग दौड़कर आम के पेड़ के नीचे पहुँचे। खेत से लगभग एक बीघा दूर वही आम का घना पेड़ था। खूब झमटदार, ऊपर चार हाथ की ऊँचाई पर दो शाखों में बँटा हुआ। पेड़ पर सरही आम लगे थे।

पेड़ की आड़ में पश्चिम से तौनकी बैठी और पूरब की ओर सुबध और मनोहर। तौनकी ने साड़ी ओढ़कर दोनों हाथों की मुट्ठी बाँधकर काँख में दबा ली। लेकिन सुबध और मनोहर केवल अधनंगे शरीर में थे। उन्होंने सिर पर गमछे की पगड़ी बाँध ली, फिर भी दोनों बाप-बेटे ठंड से काँपने लगे। मोटी-मोटी बूँदें कभी-कभी उनके शरीर पर गिर जातीं तो पूरा तन काँप उठता और रोम-रोम खड़ा हो जाता। पर क्या कर सकते थे, कोई उपाय नहीं था।

पश्चिम की ओर से बादल और घिर आए और तेज़ बरसने लगे। चारों ओर बारिश ही बारिश। बीच-बीच में बादल गरजते और बिजली चमकती। अचानक एक बार बिजली इतनी जोर से कौंधी कि उसके रंग ने भी सबको चौंका दिया। बाकी बार तो सफेद चमक होती थी, लेकिन इस बार लाल सुर्ख।

खराब समय देखकर तौनकी मन ही मन खीजकर भगवान को कोसने लगी। "अभी किस काम का पानी है। जैसे ताकतवर आदमी अपनी शक्ति दिखाता है, वैसे ही यह इंद्र भगवान बेवजह तांडव मचा रहे हैं। बेवजह मेहनतकश

लोगों को ठंड से कड़ा कर रहे हैं। लोग कहते हैं कि देवता-पितरों की बड़ी-बड़ी आँखें होती हैं, जो एक ही जगह बैठकर सारी दुनिया देख लेते हैं। तो वे आँखें अब कहाँ चली गईं। देवता तो गरीबों की जान लेने पर ही तुले रहते हैं। खेती करनेवालों के पास काम करने के दो ही वक्त होते हैं, सुबह और दोपहर। सुबह के वक्त यदि ग्यारह बजे तक बारिश हो जाए या कोई बाधा आ जाए तो जुताई वाला किसान थोड़े बीज बोएगा। यदि जलपान तक काम हो जाए तो अच्छा, वरना जलपान भी व्यर्थ। यही तो यहाँ की परंपरा है। यह इंद्र भगवान किसानों का साथ देने के बजाय उन्हें रोकते ही हैं।"

ठंड से काँपते हुए सुबध ने मनोहर से कहा- "बौआ, सोच रहा था कि और दिनों में रोपाई में देर हो जाती थी, जिससे अपना काम सँभालना मुश्किल हो जाता था। पर आज सोचा था कि सुबह-सुबह रोपाई निपट जाएगी तो अपनी बाड़ी भी रोप देंगे। पर सब गड़बड़ हो गया। पता नहीं यह बारिश कब थमेगी।"

दोनों बाप-बेटा बातें कर ही रहे थे कि अचानक गरज के साथ बिजली ठीक उसी पेड़ पर गिरी। जिस जगह से पेड़ की दो शाखाएँ फूटी थीं, वहीं से धरती तक दरार उतर गई। दरार ने पेड़ को दो हिस्सों में बाँट दिया। एक फाँक के नीचे तौनकी दब गई और दूसरी फाँक के नीचे दोनों बाप-बेटे, सुबध और मनोहर।

बारिश थम गई। पूरे गाँव में शोर उठने लगा कि खेत में जो आम का पेड़ था, वह गिर पड़ा है। शायद उसी पर बिजली गिरी थी।

धीरे-धीरे लोग देखने के लिए पहुँचे। किनारे खड़े-खड़े सब लोग देखते रहे। पेड़ और उसके नीचे की ज़मीन पर इतनी गहन अंधकार छाया था कि कोई पास जाने की हिम्मत नहीं करता था। लेकिन करिया हिम्मत बाँधकर जड़ की ओर बढ़ा। अंधकार बहुत गहरा था, पर उसने साहस किया और जड़ तक पहुँचा। बिजली गिरने के दाग दोनों फाँकों में वैसे ही साफ दिखाई दे रहे थे।

जड़ के पास खड़े होकर करिया इधर-उधर टटोलकर देखने लगा। अचानक उसकी नज़र मनोहर की टाँग पर पड़ी। देखते ही उसने शोर मचा दिया- "एक आदमी नीचे दबा हुआ है। जल्दी दौड़ो, आओ, इसे बाहर निकालो।"

करिया की बात सुनकर चारों ओर से लोग बढ़े। देखते-देखते तीनों पर

सबकी नज़र पड़ गई। करिया दौड़ते हुए घर की ओर गया और कुल्हाड़ी लेकर लौटा। सब मिलकर डालियाँ काटने लगे। डालियाँ हटाकर ज़मीन पलटी गई तो तीनों का शव दबा हुआ मिला। पहले तो कोई पहचान नहीं सका, क्योंकि तीनों के चेहरे और शरीर बदरंग हो गए थे। लेकिन गौर से देखने पर पता चला कि वे दोनों बाप-बेटे सुबध और मनोहर थे और उनके साथ तौनकी।

इधर तक मरनी आँगन में दोनों बच्चों के संग थी। तभी गौरिया आकर बोली- “दादी, तुम्हारे आँगनवाले सब पेड़ के नीचे दबकर मर गए।”

गौरिया की बात सुनते ही मरनी बेहोश होकर गिर पड़ी। दोनों बच्चे रोने लगे। मरनी को अचेत देख अलोधनी ने मुँह पर पानी छींटा और लोग उसे होश में लाने की कोशिश करने लगे। थोड़ी देर बाद होश आया। होश में आते ही मरनी जोर-जोर से रोने लगी।

बच्चों को गोद में लेकर अलोधनी के साथ मरनी देखने गई। पेड़ के पास पहुँचते ही जब उसने तीनों को मृत पड़ा देखा तो जोर-जोर से चिल्लाने लगी। मरनी की चीख-पुकार देखकर करिया ने उसका हाथ पकड़कर अलग किया। मरनी की दशा देखकर सब लोग दिलासा देने लगे, लेकिन उसका दिल शांत कैसे होता। अजीब स्थिति में पड़ गई थी। एक ओर परिवार का विनाश आँखों के सामने था और दूसरी ओर दोनों बच्चों का मुँह। बच्चों का चेहरा देखते ही उसके मन में थोड़ी-सी आशा जगने लगी।

चार साल पहले वाली नहीं, अब की मरनी एक बदली हुई मरनी थी, एक नई मरनी। जैसे सोना आग में तपने से पहले साधारण रहता है और तपने के बाद चमक उठता है, वैसे ही। समाज का व्यवहार भी पहले जैसा नहीं रहा, उसमें बदलाव आने लगा। कोई खाने का सामान दे जाता, कोई बच्चों और मरनी के लिए नए कपड़े। जब किसी के घर में कोई काम आता तो वे मरनी को साथ ले जाते। परिवार में जैसे बूढ़े और बच्चों के प्रति स्नेह होता है, वैसा ही स्नेह मरनी के प्रति समाज में होने लगा। जीने की आशा और बच्चों का सहारा, मरनी को नई स्फूर्ति देने लगा।

अब तक मरनी के हाथ में केवल पुराने खेती के औजार रहते थे, पर अब

वह और मजबूत हो गई। हँसिया, खुरपी, टेंगारी, कुदाल के साथ-साथ हथौड़ा और गैंती भी उसके हाथ में आ गए।

समय आगे बढ़ा। देश की विकास गति भी, बहुत तेज़ नहीं लेकिन कुछ न कुछ, पकड़ने लगी। गाँव-गाँव में बाँध, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल और अस्पताल बनने लगे। इससे खेतिहर और मजदूरों का काम बढ़ा। मरनी ने मिट्टी खोदना, ईंट उठाना, गिट्टी तोड़ना और सुरखी पीसना सब सीख लिया। इससे बेरोजगारी कम होने लगी। गरीब आदमी रोज कमाने और रोज खाने की स्थिति में आने लगे। भले ही जीवन में बहुत बड़ी समृद्धि न आई, लेकिन जीने की आशा जरूर जागी।

